Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 85 ● वर्ष : 14 ● रायपुर, शनिवार 03 अक्टूबर 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

परिश्रम के द्वारा मंजिल तब प्राप्त होती है, जब अपना ध्यान मजबूत होता है।

Hand work begets us the destination only when we have determined meditation.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

भारत को 44 साल बाद एशियाड विमेंस हॉकी का गोल्ड

■ चीन को हराकर ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया, 13वें दिन इंडिया को 6 गोल्ड

नागोया। भारतीय विमेंस हॉकी टीम ने एशियन गेम्स में 44 साल बाद गोल्ड जीत लिया। भारत ने फाइनल में चीन को 1-0 से हराया। टीम के लिए एकमात्र गोल लालरेमसियामी ने किया। शुक्रवार को गोलकीपर सविता पूनिया ने फर्स्ट हाफ में चीन का पेनल्टी स्ट्रोक रोककर भारत की बढ़त कायम रखी। इस जीत के साथ भारत ने लॉस एंजिलिस 2028 ओलिंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। भारत ने इससे पहले 1982 में साउथ कोरिया को हराकर गोल्ड जीता था। विमेंस हॉकी के गोल्ड के साथ भारत के कुल 16 गोल्ड हो गए हैं और वह मेडल टैली में 5वें नंबर पर है। अंकुश पंघाल ने पुरुषों की 80 किग्रा कैटेगरी के फाइनल में साउथ कोरिया के किम मिन-सियोंग को 4-0 से हराकर गोल्ड जीता। वह 2018 के बाद एशियन गेम्स में बॉक्सिंग गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष बने। इससे पहले परवीन हुड्डा ने विमेंस 65 किग्रा फाइनल में चेन निएन-चेन को 3-2 से हराकर गोल्ड जीता। लवलीना बोरगोहेन ने विमेंस 75 किग्रा फाइनल में बाओ जिया को 5-0 से हराकर गोल्ड अपने नाम किया। इस तरह पहली बार एक ही एशियन गेम्स में 3 भारतीय बॉक्सर चैंपियन बने।

रेसलिंग के पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में सुजीत कलकल ने ताजिकिस्तान के अब्दुलमजीद कुडिएव को 10-9 से हराया। मुकाबले में एक समय सुजीत 2-9 से पीछे थे और सिर्फ 1 मिनट 40 सेकंड का खेल बाकी था। इसके बाद उन्होंने लगातार टेकडाउन किए। आखिरी 11 सेकंड में एक और टेकडाउन से 2 अंक लेकर स्कोर 10-9 कर दिया और गोल्ड जीत लिया।

सीएम साय ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से की सौजन्य मुलाकात

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ में चल रहे विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और सुशासन की पहलों की जानकारी साझा की। उन्होंने प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे विकास, रोजगार के अवसरों और जनहित से जुड़ी योजनाओं की प्रगति से भी अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने बस्तर सहित प्रदेश के सभी क्षेत्रों में विकास को गति देने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच प्रदेश के विकास और संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

रूस के राष्ट्रपति ने नाटो देशों को परमाणु हमले की धमकी दी

■ कहा- कलिनिनग्राद पर हमला किया तो सारे हथियार तैयार

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने NATO देशों को चेतावनी दी है कि अगर रूस के इलाके कलिनिनग्राद पर हमला हुआ, तो रूस अपने सभी हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। इसमें परमाणु हथियार भी शामिल हैं। पुतिन ने गुरुवार को मॉस्को में वल्दाई फोरम के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि रूस यूरोप के किसी देश पर हमला करने की योजना नहीं बना रहा, लेकिन अपनी जमीन की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। कलिनिनग्राद रूस का एक अलग इलाका है। यह रूस के मुख्य हिस्से से जुड़ा नहीं है। यह रूस की सीमा से 300 किमी दूर यूरोप में पोलैंड और लिथुआनिया के बीच स्थित है। इन दोनों देशों के साथ-साथ आसपास के कई देश NATO के सदस्य हैं। इस वजह से रूस के लिए कलिनिनग्राद की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती है। रूस के बाकी हिस्से से सीधे जमीन के रास्ते यहां पहुंचने के लिए दूसरे देशों के इलाके से गुजरना पड़ता है।

राज्यपाल रमेन डेका ने की पदयात्रा, गांधी-शास्त्री-अंबेडकर की प्रतिमाओं पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

■ नशे के खिलाफ पुरन्दर मिश्रा की 28 साल की मुहिम

रायपुर (विश्व परिवार)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा के नेतृत्व में पिछले 28 वर्षों से निरंतर चलाए जा रहे नशामुक्ति जनजागरण अभियान का गांधी जयंती के अवसर पर समापन हुआ। 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित साप्ताहिक नशामुक्ति जनजागरण पदयात्रा के समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका जी, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब जी,रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल जी,छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कल्याण मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह जी,रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी,रायपुर महापौर मीनल चौबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

विधायक पुरन्दर मिश्रा द्वारा नशे के खिलाफजनजागरण की यह मुहिम पिछले 28 वर्षों से निरंतर जारी है। इस अभियान के माध्यम से समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने, युवाओं को नशे से दूर रखने तथा स्वस्थ, संस्कारवान एवं सशक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया जा रहा है। 25 सितंबर से शुरू हुई साप्ताहिक नशामुक्ति जनजागरण पदयात्रा रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरी।

रायपुर में गांधी जयंती पर लगा 'स्वदेशी हाट' मेला

■ छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति की दिखी झलक

रायपुर (विश्व परिवार)। गांधी जयंती के अवसर पर दावरा इंटरनेशनल स्कूल रायपुर में 'स्वदेशी हाट' आत्मनिर्भर भारत' एवं 'आनंद मेला' का आयोजन किया गया। श्री लोहाना महा परिषद, महिला विंग (सेंट्रल इंडिया) के सहयोग से हुए कार्यक्रम में स्थानीय उत्पादों, कला, संस्कृति और महिला उद्यमियों के काम को प्रदर्शित किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं, स्वदेशी उत्पादों और छोटे कारोबार से जुड़े लोगों को मंच देना रहा। मेले में महिलाओं, युवाओं, स्थानीय व्यवसायियों और स्व-सहायता समूहों ने अपने उत्पादों के स्टॉल लगाए। लोगों ने स्टॉल पर पहुंचकर उत्पादों की जानकारी ली और खरीदारी भी की। मेले में छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और परंपरा की झलक देखने को मिली। स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों ने अपने बनाए उत्पाद प्रदर्शित किए।

प्रधानमंत्री मोदी सर्व-धर्म प्रार्थना सभा में शामिल हुए

■ गांधी स्मृति में महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गांधी जयंती के मौके पर राजधानी दिल्ली में गांधी स्मृति में आयोजित एक विशेष सर्व-धर्म प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया। पीएम मोदी ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की और सत्य, शांति व अहिंसा के उनके शाश्वत आदर्शों का सम्मान किया। इस कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं और कलाकारों ने भक्तिपूर्ण भजन प्रस्तुत किए। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भी गांधी स्मृति में महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की और भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी अहम भूमिका तथा सद्भाव और सामाजिक उत्थान के उनके सार्वभौमिक संदेश को याद किया। महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। उन्हें मोहनदास करमचंद गांधी के नाम से भी जाना जाता है। उनकी जयंती हर साल 'गांधी जयंती' के रूप में मनाई जाती है। 2 अक्टूबर को 'अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस' के तौर पर भी मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने गांधीजी की अहिंसा की विचारधारा का संदेश फैलाने के लिए इस दिन को चुना था। वे भारत की आज़ादी की लड़ाई में एक अहम हस्ती थे और उन्होंने नमक सत्याग्रह व भारत छोड़ो आंदोलन जैसे आंदोलनों का नेतृत्व किया था। इससे पहले आज सुबह प्रधानमंत्री मोदी ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, देश भर में नेताओं और नागरिकों ने गांधी जयंती मनाई और शांति, अहिंसा और स्वच्छता के उनके संदेश को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी राजघाट पहुंचे और राष्ट्रपिता की जयंती के मौके पर उनकी समाधि पर आयोजित सर्व-धर्म प्रार्थना सभा में शामिल हुए। पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विजय घाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

युजवेंद्र चहल ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट से संन्यास लिया

नई दिल्ली। भारत के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने कहा कि टेस्ट कैप हासिल करना अब संभव नहीं है। चहल ने कभी भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला। उन्होंने 72 वनडे और 80 टी-20 इंटरनेशनल खेले हैं। उनका आखिरी इंटरनेशनल मैच अगस्त 2023 में टी-20 था। चहल ने कहा कि देश के लिए खेलने की उनकी भूख अभी भी बरकरार है।

गांधी जयंती पर एनएमडीसी बचेली में स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन

बचेली (विश्व परिवार)। गांधी जयंती के अवसर पर एनएमडीसी बचेली कॉम्प्लेक्स में स्वच्छ भारत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वच्छता, पर्यावरणीय जिम्मेदारी एवं सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों, संविदा कर्मियों एवं हितधारकों ने सक्रिय सहभागिता की। बचेली कॉम्प्लेक्स तथा आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस दौरान जिम्मेदार अपशिष्ट प्रबंधन, स्रोत पर कचरा पृथक्करण तथा स्वच्छ एवं स्वच्छतापूर्ण व्यवहार अपनाने पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर श्री टी. शिव कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), बचेली कॉम्प्लेक्स ने कहा कि स्वच्छता एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसकी शुरुआत प्रत्येक व्यक्ति के व्यक्तिगत प्रयास से होती है। उन्होंने कहा कि हस्ष्ट बचेली कार्यस्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ बनाए रखने के साथ-साथ कर्मचारियों और आसपास के समुदायों को जिम्मेदार एवं सतत स्वच्छता संबंधी व्यवहार अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने स्वच्छता की शपथ ली तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में स्वच्छता कर्मियों के महत्वपूर्ण योगदान को भी रेखांकित किया।

यह पहल बस्तर क्षेत्र में जिम्मेदार खनन, पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक विकास के प्रति एनएमडीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास एवं सामूहिक प्रतिबद्धता है। एनएमडीसी बचेली स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ बस्तर के निर्माण की दिशा में जिम्मेदार व्यवहार तथा सामुदायिक सहभागिता को निरंतर बढ़ावा देता रहेगा।

छत्तीसगढ़ में 21 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों का तबादला

■ रायपुर, बीजापुर और कोरबा समेत कई जिलों में बदले टीआई

रायपुर (विश्व परिवार)। पुलिस विभाग में 19 निरीक्षक और दो उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारियों का तबादला किया गया है। पुलिस महानिदेशक अरुणदेव गौतम के हस्ताक्षर से जारी आदेश में इन अधिकारियों को प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर नई पदस्थापना दी गई है। आदेश के बाद संबंधित अधिकारियों को अपनी नई जिम्मेदारी संभालनी होगी। निरीक्षक स्तर के अधिकारियों के तबादले को विभाग में प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। अधिकारियों की नई तैनाती के बाद संबंधित जिलों और इकाइयों में पुलिसिंग से जुड़ी जिम्मेदारियों में भी बदलाव होगा। आदेश में अधिकारियों को नई पदस्थापना पर निर्धारित समय-सीमा में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में इंडिया सोलर एक्सपो का भव्य आयोजन

रायपुर (विश्व परिवार)। राजधानी रायपुर के श्री राम बिजनेस पार्क में इंडिया सोलर एक्सपो के भव्य आयोजन का उद्घाटन उरला एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी गर्ग के द्वारा फीता काट कर किया गया कार्यक्रम के आयोजक लक्ष्मण दुबे ने अश्विनी गर्ग जी का फूल मालाओं से स्वागत किया एवं आयोजन के बारे में विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बताया कि इस आयोजन में इस एक्सपो में सोलर पैनल से संबंधित बड़ी-बड़ी मशीनों का स्टॉल लगाया गया है जो की रायपुर में पहली बार लग रहा है उन्होंने समस्त इंडस्ट्रीज वालों से इस एक्सपो में आकर विजिट करने के लिए बोला और विभिन्न तरह की मशीनों को देखने समझने और अपने यहां लगने पर जोर दिया इस कार्यक्रम में संतोष मिटकरी,हरगुनप्रीत सिंह,हार्दिक पटेल एवं अन्य लगभग सभी स्टालों के लोग उपस्थित रहे इस एक्सपो में विभिन्न मशीनों से संबंधित लगभग 200 स्टाल लगाए गए हैं।

सीआरपीएफ और ग्रामीणों ने मिलकर रचा स्वच्छता का नया अध्याय

जगदलपुर (विश्व परिवार)। देश की सीमाओं और आंतरिक सुरक्षा में अग्रणी रहने वाली केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि समाज के प्रति उनका समर्पण केवल सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जन-सेवा का संकल्प उनकी कार्यशैली का अटूट हिस्सा है। इसी सेवा भावना को धरातल पर उतारते हुए 241वीं वाहिनी सीआरपीएफ ने गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोयपाल में स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के तहत एक प्रेरणादायक वातावरण का सृजन किया। राष्ट्रीय आह्वान एक दिन, एक घंटा, एक साथ को आत्मसात करते हुए जब बल के जवानों और अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर हाथों में झाड़ू उठाई, तो पूरा मिनी स्टेडियम परिसर एकता और जन-भागीदारी की मिसाल बन गया।

कार्यक्रम की शुरुआत के साथ ही कोयपाल स्थित मिनी स्टेडियम और आसपास के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्रों में सघन सफाई का कार्य युद्धस्तर पर आरंभ हुआ। जवानों और स्थानीय ग्रामीणों के सामूहिक श्रमदान से सड़क किनारे जमा कचरा, प्लास्टिक अपशिष्ट और अव्यवस्थित झाड़ियों को हटाकर समूचे क्षेत्र का कायाकल्प कर दिया गया। सुरक्षा बलों के इस सेवा संकल्प ने स्थानीय निवासियों में भी गहरा उत्साह भरा, जिसके फलस्वरूप बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक सभी ने अपने गांव को स्वच्छ, सुंदर और रोगमुक्त बनाने के इस पुनीत कार्य में पूरे मनोयोग से भागीदारी निभाई।

इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य और सुरक्षा का अनूठा समन्वय देखने को मिला, जब मुख्य अतिथि स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. महेश कुमार सान्डिया, 241 बटालियन के कमांडेंट श्री हरविंदर सिंह तथा जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मैत्री ने उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता के दूरगामी प्रभावों से अवगत कराया। अधिकारियों ने अपने प्रेरक संबोधन में रेखांकित किया कि सुरक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही एक मजबूत समाज की नींव हैं, और स्वच्छता इन दोनों को आपस में जोड़ती है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से भावुक अपील की कि इस अभियान को केवल एक दिन के आयोजन तक सीमित न रखें, बल्कि इसे दैनिक जीवन का स्वाभाविक अंग बनाएं ताकि ठोस अपशिष्ट के सही निस्तारण से पर्यावरण सुरक्षित रहे और आने वाली पीढ़ियां एक स्वस्थ परिवेश में सांस ले सकें।

कार्यक्रम की सफलता में 241वीं वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी श्री संजय कुमार, उप कमांडेंट श्री निरंजन कुमार निराला, उप कमांडेंट श्री प्रमोद कुमार मीणा सहित बल के अन्य अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों की सक्रिय भूमिका रही। साथ ही, ग्राम पंचायत सेड़वा के सरपंच और कोयपाल क्षेत्र के भारी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों के सहयोग ने इस आयोजन को एक जन-आंदोलन का रूप दे दिया। यह पूरा आयोजन न केवल स्वच्छता का संदेश देने में सफल रहा, बल्कि सुरक्षा बलों और अंचल के ग्रामीणों के बीच परस्पर विश्वास, आत्मीयता और सामूहिक विकास की भावना को भी और अधिक सुदृढ़ कर गया।

महात्मा गांधी जयंती पर बोरियाकला स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता अभियान

रायपुर (विश्व परिवार)। बोरियाकला शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता अभियान -राजधानी रायपुर से लगे ग्राम पंचायत बोरिया कला शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आज महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य पर विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें बोरिया कला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त कर्मचारी अधिकारी डॉक्टर ने मिलजुल कर स्वच्छता अभियान के तहत सारे हॉस्पिटल की साफ सफाई, आसपास की साफ सफाई की गई एवं ग्राम वासियों को भी सफाई के लिए प्रेरित किया गया इस स्वच्छता अभियान में शेफाली दास ,दुलारी साहू , हीरेंद्र साहू ,मंजू भारद्वाज रीना पंझारे ,ललिता साहू, टोमन साहू एस डी मिश्रा डॉक्टर आफरीन मेमन आदि समस्त स्टाफ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया

भोरमदेव मंदिर परिसर में श्रमदान, स्वच्छता का दिया संदेश

कवर्धा (विश्व परिवार)। महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल भोरमदेव मंदिर परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर तुलिका प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों और ग्रामीणों ने श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की। अभियान के दौरान मंदिर परिसर के साथ सामने स्थित तालाब, पार्किंग स्थल, पार्क और आसपास के क्षेत्रों में भी सफाई की गई। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वयं श्रमदान कर लोगों को सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर अपनाई जाने वाली जीवनशैली है। भोरमदेव जैसे ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की स्वच्छता एवं संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से आयोजित श्रमदान कार्यक्रम लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि जिस तरह लोग अपने घरों को स्वच्छ रखते हैं, उसी तरह सार्वजनिक परिसर, मंदिर और पर्यटन स्थलों को भी स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने भोरमदेव मंदिर को ऐतिहासिक, पुरातात्विक और जनआस्था का महत्वपूर्ण केंद्र बताते हुए इसकी स्वच्छता बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही।

कार्यक्रम में डीएफओ निखिल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

बीरगांव में वृहद सफाई अभियान, 400 से अधिक लोगों ने किया श्रमदान

रायपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा मेरा योगदान' और 'स्वच्छता ही सेवा 2026' के अंतर्गत नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा वार्ड क्रमांक 38 स्थित सरोरा शीतला तालाब में वृहद सफाई एवं श्रमदान अभियान चलाया गया। विधायक मोतीलाल साहू ने श्रमदान कर अभियान का शुभारंभ किया।

विधायक साहू ने जनप्रतिनिधियों, निगम अधिकारी-कर्मचारियों, विद्यार्थियों और नागरिकों के साथ तालाब परिसर की सफाई की। अभियान में 400 से अधिक लोगों ने श्रमदान कर तालाब और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की।अभियान में नगर निगम के जनप्रतिनिधियों के अलावा निगम आयुक्त, अधिकारी-कर्मचारी और 5 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की। इस दौरान लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फेंकने और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया।कार्यक्रम के समापन पर विधायक मोतीलाल साहू ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। सभी ने स्वच्छता को दैनिक जिम्मेदारी बनाने और स्वच्छ एवं सुंदर बीरगांव के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता से अभियान के जरिए 'स्वच्छता ही

मुख्यमंत्री का सिंगापुर दौरा फिजूलखर्ची : कांग्रेस

रायपुर (विश्व परिवार)। मुख्यमंत्री के सिंगापुर दौरे को कांग्रेस ने फिजुल खर्ची बताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सिंगापुर दौरे के संदर्भ में राज्य सरकार को प्रदेश की जनता के सामने यह स्पष्ट करना चाहिए कि पिछले पौने तीन वर्षों में विदेश और देश के भीतर किए गए निवेश प्रयासों से वास्तव में छत्तीसगढ़ में कितना निवेश आया, कितनी परियोजनाएं जमीन पर उतरीं और कितने रोजगार सृजित हुए।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जापान और दक्षिण कोरिया दौरे पर गये थे। मुख्यमंत्री ने कौन-कौन सी कंपनियों से एमओयू हुआ था, सार्वजनिक करे सरकार? छत्तीसगढ़ की जनता की गाढ़ी कमाई से मुख्यमंत्री और उनके अधिकारी जापान, साउथ अफ्रीका के दौरे पर गए थे, वहां से कितना निवेश आया सरकार को इसकी जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए? इसके पहले भी वित्त मंत्री ओपी चौधरी अमेरिका दौरे पर गए थे, उप मुख्यमंत्री अरुण साव अमेरिका दौरे पर गए थे लेकिन नहीं बता पाए कि उनके दौरे से राज्य को क्या फायदा हुआ है?

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार लगातार निवेश प्रस्तावों और एमओयू के बड़े-बड़े आंकड़े प्रस्तुत कर रही है। अगस्त 2025 में सरकार की ओर से बताया गया था कि नवंबर 2024 से जुलाई 2025 के बीच 84 कंपनियों से 6.65 लाख करोड़ रू. के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। मार्च 2026 में सीएसआईडीसी के अध्यक्ष ने राज्य में 8 लाख करोड़ रू. से अधिक के एमओयू होने की जानकारी दी। लेकिन सवाल यह है कि एमओयू और प्रस्ताव कितने हुए, यह नहीं-उनमें से वास्तविक निवेश कितना हुआ?

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि विदेशों से नए निवेशकों को आकर्षित करना, ठोस विदेश नीति, उद्योग नीति, श्रम कानून, वास्तविक राहत और रियायत देने वाली पॉलिसी के बिना संभव नहीं है। उद्योगों के अनुकूल वातावरण बनाने में भाजपा की सरकारें पूरी तरह नाकाम रही है। भाजपा के लिए उद्योगों के विकास का मतलब ही केवल अडानी का एकाधिकार है। छत्तीसगढ़ में कोल माइनिंग, आयरनओर और बॉक्साइड के बाद अब सीमेंट उद्योगों पर मोदी के मित्र अडानी की बुरी नजर है। कोल इंडिया लिमिटेड और एसईसीएल की खदानों में खनन का काम दबावपूर्वक अडानी को सौप दिया गया है। छत्तीसगढ़ की समृद्धि और संसाधन केवल अडानी पर लुटा रही है। भाजपा के लिए उद्योग का मतलब ही अडानी है।

आयुक्त ने वीमेन हॉस्टल के निर्माणाधीन कार्यों का किया प्रत्यक्ष निरीक्षण

रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री संबित मिश्रा ने रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का सम्बंधित निर्माण स्थलों पर पहुंचकर प्रत्यक्ष भौतिक निरीक्षण किया एवं विकास कार्यों की प्रगति की स्थल समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए.

आयुक्त श्री संबित मिश्रा ने तेलीबाँधा में 39 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन टेक्निकल टावर के निर्माण कार्य की प्रगति देखी. आयुक्त ने पंडरी में 14 करोड़ रूपये की लागत से निर्माणाधीन वीमेन हॉस्टल और नरेय्या तालाब के समीप 14 करोड़ रूपये की लागत से निर्माणाधीन वीमेन हॉस्टल के विकास कार्यों का निरीक्षण नगर निगम के अधीक्षण अभियंता श्री इमरान खान, कार्यपालन अभियंता श्री अंशुल शर्मा जूनियर एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया. आयुक्त ने अधिकारियों को टेक्निकल टावर और दो स्थानों में वीमेन हॉस्टल के निर्माण कार्यों की

विधायक ने मरोदा में लगाए एक पेड़ माँ के नाम

रिसाली दुर्ग (विश्व परिवार)। ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने रिसाली निगम क्षेत्र के लिए स्वीकृत विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। शासन स्तर पर विभिन्न कार्यो के लिए कुल 4 करोड़ 44 लाख 12 हजार स्वीकृत किया है। भूमिपूजन कार्यक्रम के पहले विधायक मरोदा सेक्टर बंगाली दुर्गा मैदान मंच परिसर पहुंचे। वहां पर उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम लगाया।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि विकास क्षेत्र का होता है। व्यक्तिगत नहीं। उन्होंने कहा कि रिसाली के आमजनों ने उन्हें विधानसभा सदस्य के रूप मे चुना है। यही वजह है कि वो क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत है। परिणाम आपके समक्ष है। उन्होंने आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि निगम के संपूर्ण 40 वार्डो में विकास कार्य आरंभ हो चुका है। नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व ही वे एक बार पुनः भूमिपूजन कार्यक्रम करेंगे। जिसमें छुटे हुए कार्य को गति दिया जाएगा। वहीं नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर ने कहा कि रिसाली निगम का गठन के साथ में क्षेत्र में विकास कार्य कराया जा रहा है। यह अनवरत चलता रहेगा। उन्होंने भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने और विकास कार्य के लिए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सदस्य अनिल देशमुख, संजू नेताम, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, शीला नारखेड़े, सविता धवस, ईश्वरी साहू, जमुना ठाकुर, सरिता देवांगन, सारिका साहू, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल व अनुपम साहू उपस्थि थे।

जाने कहां कितना कार्य

वार्ड 31 शहिद किरण देशमुख वार्ड में कुल 01 करोड़ 30 लाख 59 हजार की लागत से सीसी रोड, सामुदायिक भवन, गार्डन सौंदर्यीकरण, नाली निर्माण, सड़क चैड़ीकरण कार्य आदि किया जाएगा। वार्ड 26 अवधपुरी में 02 करोड़ 10 लाख 24 हजार की लागत से शौचालय निर्माण, सीसी रोड, नाली निर्माण, सड़क चैड़ीकरण, सौंदर्यीकरण, वार्ड 10 दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर में 44 लाख 80 हजार से पुलिया निर्माण, सीसी रोड, चैड़ीकरण, पॉथवे निर्माण और वार्ड 09 डीपीएस रिसाली सेक्टर में 51 लाख 49 हजार से नाली निर्माण, सौंदर्यीकरण, पॉथवे निर्माण का कार्य किया जाएगा।

नगर निगम टीम ने एवरग्रीन चौक मुख्य मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त करवाया

रायपुर (विश्व परिवार)। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर रायपुर जिला प्रशासन एवं जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के मार्गनिर्देशन में रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री संबित मिश्रा के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के मुख्य मार्गो को कब्जामुक्त करवाने चलाये जा रहे टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत आज रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के जोन क्रमांक 4 क्षेत्र में बैजनाथपारा चौक से एवरग्रीन चौक तक मुख्य बाजार मार्ग को जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से कब्जामुक्त करवाने अभियान नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम द्वारा रायपुर पुलिस कमिश्नरेट यातायात पुलिस प्रशासन के सहयोग से चलाया गया और मुख्य बाजार मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त करवाकर नागरिकों को सुगम यातायात कायम कर त्वरित राहत दिलवाई गयी. टीम प्रहरी द्वारा अभियान के अंतर्गत बैजनाथपारा चौक से एवरग्रीन चौक तक मार्ग पर कब्जा जमाने वाले सम्बंधित व्यवसायियों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए तत्काल 12500 रूपये का ई चालान वसूला गया.

कुशल और सक्षम युवा शक्ति ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला : शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव

दुर्ग। इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) द्वारा बीआईटी कॉलेज दुर्ग में आयोजित 11 दिवसीय एडवांस स्कील ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुभवों, सीख और भविष्य की योजनाओं के संबंध में चर्चा की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि युवाओं के कौशल, ज्ञान और व्यावसायिक क्षमता को निखारने की दिशा में आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल है। वर्तमान समय में कार्यक्षेत्र तेजी से बदल रहा है और नई तकनीकों के साथ नई संभावनाएं भी सामने आ रही हैं। ऐसे में युवाओं के लिए जरूरी है कि वे अपने शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल और प्रोफेशनल दक्षताओं को भी लगातार विकसित करें।

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि एडवांस स्कील ट्रेनिंग प्रोग्राम जैसे प्रशिक्षण युवाओं को अपने ज्ञान को व्यवहारिक रूप से उपयोग करने, कार्यक्षेत्र की आवश्यकताओं को समझने और अपनी क्षमताओं को और बेहतर बनाने का अवसर प्रदान करते हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने करियर की नई संभावनाओं को लेकर अधिक सजग एवं सक्षम बनते हैं।

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने विकसित भारत के निर्माण का संकल्प देश के सामने रखा है। इस संकल्प को साकार करने में देश की युवा शक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सीखने की प्रक्रिया कभी समाप्त नहीं होती। युवाओं को अपने क्षेत्र में लगातार नई जानकारी प्राप्त करते हुए समय के साथ स्वयं को अपडेट रखना चाहिए।

OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION Raipur (C.G.)

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(Second Call)

NIT NO:230/NNR/Electrical /RMC/2026 RAIPUR DATED: 01.10.2026
Online bids are invited for the following works of works up to 16.10.2026 at 17:30 hours.

Sr. No	System . Tender No	Name of Work	Amount of the Estimate	Cost of Tender form	Earnest Money Deposit	Eligible class of contract or/firm	Time allowed for Completion	SOR Applicable
1	200837	नगर पालिक निगम राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में अस्थायी प्रकाश व्यवस्था कार्य हेतु (वर्ष 2026-2027 बाबत्)	16.65 Lacs	1500.00	1,3000.00	"D" & ABOVE	12 Month	NON SOR

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 01.10.2026 17:30 Hours (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.
NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18002582502 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. For More Details please download NIT details.
4. Contact no. 7898810000

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

EXECUTIVE ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

सांसद चिंतामणि महाराज ने ज्ञानोदय संस्था में सियान गुड़ी का किया शुभारंभ

सेवा भावी वृद्ध जनों का हुआ सम्मान

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार) स्वयंसेवी संस्था सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन द्वारा 2 अक्टूबर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर ज्ञानोदय विद्यालय दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिसर में वृद्धजनो का सम्मान किया गया। और वरिष्ठजनों के लिए सियानगुडी सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज जी उपस्थित थे। उन्होने मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए कहा कि संस्था द्वारा संचालित ज्ञानोदय मुकबधिर विद्यालय और वी.एम. कॉलेज ऑफ फार्मेसी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यकम नें आत्म विमोर तो किया ही, साथ ही ज्ञान की बाते भी समझाई। सांसद महोदय ने संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल की प्रशंसा करते हुए कहा सियान गुड़ी वृद्धजनों को आत्मीय माहौल देता है। वृद्धजनों को योग प्राणायाम स्वास्थ्य जांच और परामर्श की सुविधा मिलती है, यह वृद्धजनों को सांस्कृतिक और सामाजिक सम्मान सुनिश्चित करती है, ताकि वे एक स्वस्थ जीवन जी सके। मुक बधिर विद्यालय के बच्चों के द्वारा नशा मुक्ति पर जो नाटिका प्रस्तुत की गई, वो समाज के लिए एक अच्छा संदेश है। नशा न केवल परिवार को बरबाद कर देता है बल्कि समाज भी इससे प्रभावित होता है। संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में सियानगुड़ी के बारे में आमंत्रित अतिथियों को बताते हुए कहा कि सियानगुड़ी वृद्धजनों के एकाकी को दूर करने में उन्हें खुशी

और सुख पहुंचाने का एक माध्यम है। संस्था ने इस अवसर पर समाज में विशिष्ट सेवा प्रदान कर रहे 13 वृद्धजनों को विशिष्ट सेवा सम्मानफ्र से सम्मानित किया गया। आज के इस कार्यकम में वरिष्ठजन डॉ के. के. ताम्रकार, श्री कुलवंत सिंह, श्री अनील मिश्रा, श्री आत्माराम मित्तल, श्री राजकुमार गोयल, श्री सोखाराम, डॉ ए. के. पाण्डेय, श्री हुकुम साय, श्री राम कैलाश साह, श्री मथुरा प्रसाद, श्रीमती ओमेगा सिंह, श्रीमती सीता सिंह श्री ज्ञान साय, को स्मृति चिन्ह एवं शॉल प्रदान कर सम्मनित किया गया। आज के इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम महात्मा गाँधी जी के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में समस्त अतिथियों एवं वरिष्ठजनों को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यकम वी.एम.कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्र-छात्राओं के द्वारा दवाईयों के अत्यधिक दुरूपयोग विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया. जिसका उद्देश्य ये था कि बिना जानकारी के विशेषज्ञों की सलाह के बिना हमें किसी भी बिमारी में दवा का सेवन नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम में ज्ञानोदय मुक बधिर विधालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा नशा सेवन के दुष्परिणामों पर आधरित एक लघु नाटिका नई सुबह का संचालन किया गया। आमंत्रित अतिथियों द्वारा उक्त दोनों कार्यक्रमों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। कार्यक्रम को श्री अनिल मिश्रा एवं कुलवंत सिंह जी के द्वारा भी उदबोधित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानोदय मुक बधिर विद्यालय के प्राचार्य अनवर हुसैन ने किया और सांकेतिक भाषा में श्रवण बाधित बच्चों को बताने / समझाने का कार्य विघालय की प्रधान अध्यापिका श्रीमती रीना सोनी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुक बधिर विधालय और फार्मेसी कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाओं डॉ. आस्था पाठक, अमन जयसवाल, राजिया फातिमा, श्वेता रानी, दीपिका तिवारी, सीमा भगत, अनिता राजवाड़े, रीमा सिंह, संगीता गुप्ता, रूखसार, अंजली कुमारी, दुर्गा प्रजापति, कविता राजवाड़े, गंगा साहु, आदर्श साहु इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

एसएफजवान की मौत पर बवाल सड़क पर शव रखकर परिजनों का प्रदर्शन

हत्या की आशंका पर निष्पक्ष जांच की मांग

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)- सूरजपुर जिला के रामानुजनगर क्षेत्र के देवनगर निवासी एसएफ जवान बिजेंद्र ठाकुर की बीजापुर में ड्यूटी के दौरान गोली लगने से हुई मौत के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जवान की मौत को लेकर परिजन और स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है। लोगों ने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

बताया जा रहा है कि बिजेंद्र ठाकुर रायगढ़ में पदस्थ थे और ड्यूटी के दौरान बीजापुर में गोली लगने से उनकी मौत हुई। विभागीय स्तर पर इसे आत्महत्या का मामला बताया जा रहा है, लेकिन परिजन और स्थानीय लोग इस बात से संतुष्ट नहीं हैं। परिजनों ने जवान की मौत को लेकर हत्या की आशंका जताते हुए पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष एवं गहन जांच की मांग की है।

जवान का शव गृह क्षेत्र पहुंचने के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों का आक्रोश सामने आया। सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन करते हुए लोगों ने मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट करने और जांच में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने की मांग की।

प्रदर्शन के चलते क्षेत्र में माहौल तनावपूर्ण हो गया। परिजनों का कहना है कि जब तक जवान की मौत से जुड़े सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच नहीं हो जाती, तब तक उनकी शंकाओं का समाधान नहीं होगा। फिलहाल मामला रामानुजनगर थाना क्षेत्र के देवनगर का है और जवान की मौत को लेकर निष्पक्ष जांच की मांग जोर पकड़ रही है।वहीं प्रसाशन ने परिजनों की मांग को कलेक्टर सूरजपुर को अवगत कराया गया, जिसपर उन्होंने शाशन को पत्र लिखकर जानकारी से अवगत कराने तथा हर सम्भव मददत करने के आस्वाशन उपरांत शव का अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम पर किया, मृतक के दो पुत्र है, बड़े पुत्र ने मुखाग्नि दी, इस अवसर पर नरेश राजवाड़े, पंकज तिवारी, दीपक गुप्ता सहित विभिन्न दलों के नेता व प्रसाशन के एस डी एम अजय मोडियम, तहसीलदार मनहरण राठिया, एस डी ओ पी बेनार्ड कुजूर की मार्गदर्शन में सूरजपुर रामानुजनगर के काफी संख्या में पुलिस जवान मौजूद थे।

सेवा सेतु शिविर में नमो सेवा गाथा की प्रस्तुति

स्वच्छता और नशामुक्ति के प्रति जागरूकता का संदेश

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवनगर एवं कोटेया में विधानसभा एवं विकासखंड स्तरीय सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कला जत्था के कलाकारों ने नमो सेवा गाथा के तहत कार्यक्रम प्रस्तुत कर जनकल्याणकारी योजनाओं, स्वच्छता एवं नशामुक्ति का संदेश दिया।कलाकारों ने लोककला के माध्यम से भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत की। इसके साथ ही स्वच्छता को दैनिक जीवन में अपनाने तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित शिविरों में कला जत्था की प्रस्तुतियों के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। यह पहल ग्रामीणों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के साथ स्वच्छता और नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का माध्यम बन रही है।

घर में घुसकर बच्चे व बुजुर्ग पर पेट्रोल छिड़ककर लगाई आग

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-सूरजपुर जिला के पुलिस थाना रामानुजनगर क्षेत्र के रामेश्वर गांव में पारिवारिक विवाद के बाद घर में घुसकर एक 6 वर्षीय बच्चे और उसके दादा पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की सनसनी खेद मामला प्रकाश में आया है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि प्रार्थी कल सिंह पिता जय सिंह निवासी रामेश्वर ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन संगीता का अपने पति भजन सिंह निवासी खालपारा के साथ विवाद चल रहा था। विवाद के बाद भजन सिंह ने संगीता के साथ मारपीट कर उसे घर से भगा दिया था।

इसके बाद संगीता की तलाश में भजन सिंह चार-पांच दिन पहले अपने ससुराल पहुंचा, लेकिन संगीता वहां नहीं मिली। इस पर भजन सिंह ने प्रार्थी और उसके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी आरोप है कि 29 सितंबर की रात भजन सिंह घर के अंदर घुस आया। उसके बाद प्रार्थी के 6 वर्षीय बेटे सत्यम तथा उसके पिता जय सिंह के ऊपर पेट्रोल छिड़ककर माचिस से आग लगा दी। आग की चपेट में आने से बालक सत्यम झुलस गया। परिजन द्वारा बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।पुलिस ने तत्काल तत्परता दिखाते हुए आरोपी को पक रामानुजनगर पुलिस ने आरोपी भजन सिंह के विरुद्ध बीएनएस की धारा 109 एवं 332 बी के तहत अपराध दर्ज कर उसे हिरासत में ले पूछ ताछ कर रही है।

जिला चिकित्सालय सूरजपुर में गांधी -शास्त्री जयंती पर अतिथियों की रही भागीदारी

मरीजों एवं परिजनों को कराया गया जल पान

गोपाल सिंह विद्रोही

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार) महात्मा गांधी एवं द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर जिला चिकित्सालय सूरजपुर में वरिष्ठ नागरिको द्वारा संचालित संस्था ,मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए प्रतिदिन संचालित चाय-नाश्ता सेवा में जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने सहभागिता की। इस दौरान सभी ने वरिष्ठ नागरिको द्वारा विगत कई वर्षों से निरंतर किए जा रहे सेवा कार्य की सराहना की। कार्यक्रम में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, मुरली मनोहर सोनी, नगर पालिका उपाध्यक्ष शैलेश अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण कलेक्टर श्रीमती रेना जमील, जिला पंचायत सीईओ श्री विजेंद्र पाटले, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अजय मरकाम एवं अस्पताल प्रबंधक श्री निलेश गुप्ता सहित जिला चिकित्सालय के अधिकारी-कर्मचारी तथा वरिष्ठ नागरिक संघ

के सदस्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अतिथियों ने मरीजों एवं उनके परिजनों को चाय-नाश्ता वितरित किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों के परिजनों को नियमित रूप से चाय-नाश्ता उपलब्ध कराना मानवीय संवेदना और सामाजिक सेवा का अनुकरणीय उदाहरण है। वरिष्ठ नागरिको द्वारा लंबे समय से निस्वार्थ भाव से संचालित यह पहल समाज में सेवा एवं सहयोग की भावना को मजबूत करती है।

जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने वरिष्ठ नागरिक संस्था के सभी सदस्यों के सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए इस मानवीय पहल के लिए शुभकामनाएं दी।

महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई

नगर पंचायत बिश्रामपुर में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान चलाया गया

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-(दैनिक विश्व परिवार)- मोहनदास करमचंद गांधी एवं द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के पावन अवसर पर आज नगर पंचायत बिश्रामपुर में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 13 स्थित छठ घाट परिसर, गौरी शंकर मंदिर परिसर एवं गायत्री मंदिर परिसर में वृहद स्तर पर साफ-सफाई की गई। निकाय के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने एकजुट होकर झाड़ू लगाया और श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

सफाई कार्य केदौरान उपस्थित जनों एवं वार्डवासियों को अपने घर तथा आसपास के वातावरण को

साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया गया। नगर पंचायत की टीम एवं एसजी की महिलाओं द्वारा नागरिकों को यह समझाइश दी गई कि वे कचरा खुले में या सड़कों पर न फेंकें, बल्कि गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करके नियमित रूप से आने वाली 'स्वच्छता दीदी' को ही सौंपें।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि महात्मा गांधी जी का सपना एक स्वच्छ भारत का था, और इसे साकार करने के लिए हम सभी को अपनी दिनचर्या में स्वच्छता को शामिल करना होगा। निकाय अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने वार्डों को स्वच्छ और सुंदर बनाने में नगर पंचायत का निरंतर सहयोग करें।इस स्वच्छता अभियान में नगर पंचायत बिश्रामपुर के नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निर्मला यादव पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष यादव सीएमओ वशिष्ठ नारायण ओझा, स्वच्छता अधिकारी अरविंद यादव लेखपाल गोलू दास, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नागरिक, निकाय केअधिकारी-कर्मचारी एवं स्व-सहायता समूह की महिलाएं सक्रिय रूप से शामिल रहीं।

संक्षिप्त समाचार

कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह ने बाढ़ प्रभावित भेजापदर का लिया जायजा

प्रभावित परिवारों से भेंटकर राहत कार्य की ली जानकारी एवं हरसंभव मदद का दिया भरोसा

जगदलपुर/ कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह ने गुरुवार को बस्तर जिले के जगदलपुर तहसील अंतर्गत बाढ़ प्रभावित ग्राम भेजापदर का जायजा लिया और ग्रामीणों के मकान क्षति को करीब से देखा तथा स्थानीय पंचायत पदाधिकारियों और ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने प्रभावित परिवारों से भेंटकर राहत कार्य की जानकारी ली और उन्हें हरसंभव मदद मुहैया कराने का भरोसा दिलाया। साथ ही शुद्ध पेयजल का उपयोग करने तथा स्वच्छता एवं साफ़ सफाई के प्रति सजगता बरतने की समझाईश दी। कमिश्नर ने गांव के स्कूल या ग्राम पंचायत भवन में कैंप कार्यालय लगाकर नियमित तौर पर प्रभावित परिवारों से भेंटकर प्रकरण तैयार करने, दस्तावेज तैयार करने सहित उन्हें जरूरत के अनुरूप सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।उन्होंने उचित मूल्य दुकान से प्रभावित परिवारों को दो माह का खाद्यान्न एक साथ उपलब्ध करवाने कहा । कमिश्नर ने पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त घरों के प्रभावितों को घरेलू उपयोग के बर्तन, कपड़े, राशन सामग्री आदि की सहायता देने के निर्देश एनएमडीसी के अधिकारियों को दिए और प्रभावित क्षेत्रों में मलबा एवं मिट्टी हटाने के लिए जेसीबी मशीन सुलभ करवाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान तहसीलदार श्री राहुल गुप्ता, नायब तहसीलदार श्री लखीधर पांडे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

एकीकृत स्टील निर्माता बी.एस. स्पंज ने 1,000 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए डीआरएचपी दाखिल किया

रायपुर : रायगढ़ स्थित बी.एस. स्पंज ने प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी एकीकृत स्टील निर्माता है और स्पंज आयरन से लेकर वैल्यू-एडेड तैयार स्टील उत्पादों तक पूरी स्टील वैल्यू चेन में काम करती है।

प्रस्तावित आईपीओ में 800 करोड़ रुपये तक का फ्रेश इश्यू और 200 करोड़ रुपये तक का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है। इस तरह इश्यू का कुल आकार 1,000 करोड़ रुपये तक होगा। ओएफएस के तहत प्रमोटर शेयरधारक परमानंद अग्रवाल और आशीष अग्रवाल तथा प्रमोटर ग्रुप शेयरधारक सुलोचना अग्रवाल अपने शेयर बेचेंगे।

कंपनी फ्रेश इश्यू से मिलने वाली 650 करोड़ रुपये की राशि का इस्तेमाल मुख्य रूप से बकाया कर्ज और उस पर अर्जित ब्याज के पूर्ण या आंशिक भुगतान/पूर्व भुगतान के लिए करेगी। बाकी राशि का इस्तेमाल सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। परमानंद अग्रवाल और आशीष अग्रवाल के नेतृत्व वाली कंपनी के प्रमोटरों के पास स्टील, पावर, खनन और सिविल कंस्ट्रक्शन क्षेत्रों का अनुभव है। बी.एस. स्पंज ने 2005 में 30,000 टन सालाना (टीपीए) क्षमता वाले एक स्पंज आयरन रोटरी किल्न के साथ मैन्युफैक्चरिंग परिचालन शुरू किया था।

31 मार्च 2026 तक कंपनी की स्पंज आयरन की स्थापित उत्पादन क्षमता 6.75 लाख टीपीए थी। वहीं, सेमी-फिनिश्ड और वैल्यू-एडेड फिनिश्ड स्टील उत्पादों को मिलाकर कंपनी की कुल स्थापित उत्पादन क्षमता 16,27,500 टीपीए थी। कंपनी के उत्पाद पोर्टफोलियो में स्पंज आयरन, बिलेट्स और स्लैब्स, टीएमटी बार, वायर रॉड, एचआर कॉइल्स, ईआरडब्ल्यू पाइप्स एवं ट्यूब्स और फेरो अलॉय शामिल हैं। इन उत्पादों की मांग स्टील मैन्युफैक्चरिंग, निर्माण एवं इंफ्रास्ट्रक्चर, आवासीय एवं व्यावसायिक विकास, कृषि, औद्योगिक और इंजीनियरिंग क्षेत्रों समेत कई उद्योगों में है। इसके अलावा इनका इस्तेमाल वायर, केबल, फास्टनर, कील, फेंसिंग उत्पाद, स्प्रिंग, वेल्डिंग इलेक्ट्रोड और अन्य डाउनस्ट्रीम स्टील उत्पाद बनाने में भी होता है। कंपनी के उत्पाद 20 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में वितरित किए जाते हैं। कंपनी की विकास योजना में स्पंज आयरन, फेरो अलॉय, बिलेट्स और स्लैब्स की क्षमता बढ़ाने के लिए मौजूदा मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में ब्राउनफील्ड विस्तार शामिल है। इसके अलावा कंपनी रायगढ़ के नवापारा में एक और प्लांट शुरू करने की योजना के साथ ग्रीनफील्ड विस्तार भी करेगी। कंपनी का फोकस वैल्यू-एडेड फिनिश्ड स्टील उत्पादों से होने वाले योगदान को बढ़ाने पर भी है।

संपादकीय

भारतीय कूटनीति की सफलता

ब्रिक्स+ के जरिए विकासशील देशों में आपसी सहयोग की जमीन तैयार हुई है, इसकी पुष्टि नई दिल्ली में हुई। यह भी जाहिर हुआ कि भारत और चीन के संबंध में सुधार ब्रिक्स+ की प्रगति के लिए अनिवार्य है। साझा बयान पर सहमति बन जाना ब्रिक्स+ के 18वें शिखर सम्मेलन की बड़ी कामयाबी रही। इसका काफी श्रेय मेजबान भारत को दिया जाएगा। पश्चिम एशिया के युद्ध में एक-दूसरे के खिलाफ खड़े ईरान और संयुक्त अरब अमीरात को एक वक्तव्य पर सहमत कर लेना भारतीय कूटनीति की सफलता मानी जाएगी। कहा जा सकता है कि ब्रिक्स+ के नई दिल्ली घोषणापत्र की भाषा नरम है, जिसमें ठोस मुद्दों पर अक्सर प्रत्यक्ष उल्लेख से बचा गया है। फिर भी इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि वक्तव्य में ब्रिक्स+ की सोच, दिशा, और मकसद का विस्तार से जिक्र हुआ। एकतरफा जबरिया कार्रवाई की निंदा, टैरिफ के जरिए मुक्त व्यापार विरोधी कदम की आलोचना, गज़ा में फिलस्तीनियों के बेदखली का विरोध, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के ढांचे में सुधार का समर्थन, आपसी कारोबार अपनी मुद्रा में करने का इरादा, और विकासशील देशों के बीच सहयोग आदि का स्पष्ट उल्लेख कर ब्रिक्स+ देशों ने साफ संदेश दिया कि मौजूदा वैश्विक परिस्थिति में वे कहां खड़े हैं। ब्रिक्स+ के न्यू डेवलपमेंट बैंक को और मजबूत करने और सदस्य देशों में विकास परियोजनाओं उसकी सहायक भूमिका बढ़ाने पर बनी सहमति का दूरगामी अर्थ है। दरअसल, इसी तरह की पहल के जरिए ब्रिक्स+ वर्तमान विश्व व्यवस्था के समानांतर गरीब एवं विकासशील देशों के बीच ठोस एवं भौतिक सहयोग की जमीन तैयार कर रहा है। चूंकि इस समूह में शामिल देशों के बीच कोई विचारधारात्मक या रणनीतिक साझापन नहीं है, अत: कई बार उनका एक दूसरे के हितों के खिलाफ काम करते दिखना और उस कारण ब्रिक्स+ के ठहराव का शिकार हो जाना सामान्य बात है। इसके बावजूद इस समूह के जरिए गुजरे दो दशकों में आर्थिक, वित्तीय एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए आपसी सहयोग की जमीन तैयार हुई है, इसकी पुष्टि नई दिल्ली में हुई। यहां यह भी जाहिर हुआ कि भारत और चीन के बीच तनाव का घटना ब्रिक्स+ की प्रगति की एक प्रमुख शर्त है। चूंकि हाल में ऐसा होता नजर आया है, इसलिए मंडराती तमाम आशंकाओं के बावजूद नई दिल्ली शिखर सम्मेलन इस समूह के इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण मुकाम बना। यह इसके लिए आशाजनक संकेत है।

भारत को डराया नहीं जा सकता, यह नया भारत है

प्रह्लाद सबनानी

आज कई अमेरिकी कम्पनियां भारत में अपने वैश्विक योग्यता केंद्रों की स्थापना कर रही हैं। इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं - एस्ट्रा जेनेका, बैंक ओफ अमेरिका, ट्रूब्रिज, गाइडवायर, आदि। भारत में स्थापित इन वैश्विक योग्यता केंद्रों में हजारों की संख्या में भारतीय इंजीनीयर कार्य कर रहे हैं। हाल ही में अमेरिकी संसद द्वारा भारत एवं चीन सहित कुछ अन्य देशों से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफलगाने सम्बंधी कानून को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, क्योंकि, ये देश रूस से कच्चे तेल का भारी मात्रा में आयात कर रहे हैं। अमेरिका के अनुसार, इन देशों द्वारा रूस से कच्चे तेल के आयात के चलते रूस को यूक्रेन के साथ युद्ध करने की आर्थिक शक्ति प्राप्त हो रही है। जबकि, यूरोपीयन देश एवं अमेरिका स्वयं रूस से गैस एवं अन्य उत्पादों का भारी मात्रा में आयात कर रहे हैं। अर्थात, इन देशों द्वारा रूस से अन्य पदार्थों के आयात करने से रूस को कोई आर्थिक ताकत प्राप्त नहीं होती है, केवल भारत एवं चीन सहित कुछ अन्य देशों द्वारा रूस से कच्चे तेल के आयात से रूस को आर्थिक शक्ति प्राप्त होती है। अमेरिका का यह दोहरा चरित्र अब पूरे विश्व के सामने प्रदर्शित हो रहा है। अमेरिका को अब यह समझ लेना चाहिए कि भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर 100 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफलगाने का डर दिखा कर एवं भारत को दबाव में लाकर अमेरिका भारत से अपने मनमाफिक निर्णय करवा लेगा, तो आज की बदली हुई परिस्थितियों के बीच यह सम्भव होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। अमेरिका एवं पूरे विश्व के सामने अब एक नया भारत खड़ा है। अमेरिका दरअसल चाहता है कि भारत उसके कृषि उत्पादों के लिए अपने बाजार खोले ताकि वह भारत को अपने कृषि एवं डेयरी उत्पाद निर्यात कर सके। यदि भारत अमेरिका के इस दबाव में आता है तो भारतीय किसानों पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ेगा और केंद्र सरकार भारत के किसानों के हितों की बलि किसी भी कीमत पर देने को तैयार नहीं है। आज, संभवत: अमेरिका को भारत की अधिक आवश्यकता है क्योंकि भारत पूरे विश्व में सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन गया है, जिसके कारण भारत पूरे विश्व में सबसे युवा देशों की श्रेणी में उच्च स्थान रखता है। साथ ही, भारत आज विश्व में विभिन्न उत्पादों का सबसे बड़ा उपभोक्ता देश बन गया है एवं आगे आने वाले समय में भारत की यही स्थिति लम्बे समय तक बनी रहने वाली है। भारत आज विश्व के अन्य उत्पादक देशों के लिए सबसे बड़ा बाजार है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद आज विश्व में बड़े देशों के बीच सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हाल ही में जापान ने भारत की सार्वभौमिक क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया है। और तो और, अब अमेरिकी क्रेडिट रेटिंग एजेन्सियां भी भारत की सार्वभौमिक क्रेडिट रेटिंग में सुधार करने पर विचार करने को मजबूर हो रही हैं। हाल ही में मूडीज ने वर्ष 2026 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में होने वाली वृद्धि दर को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही, जेफरीज ने भी अपने पूर्व अनुमान 6.7 प्रतिशत को सुधारकर 7 प्रतिशत कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान को 6.7 प्रतिशत कर दिया है, जबकि भारत ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही में 7.8 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल की है। भारत के अपने विदेशी उत्पादों के लिए नए बाजार तलाशने सम्बंधित प्रयास आज सफल होते हुए दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि, अगस्त 2026 का माह भारतीय निर्यातकों के लिए बहुत शानदार रहा है। वैश्विक स्तर पर कई प्रकार की चुनौतियों के चलते भी भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में 26.12 प्रतिशत की आकर्षक वृद्धि दर्ज हुई है। अगस्त 2025 माह में भारत के कुल निर्यात 3,474 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रहे थे जो अगस्त 2026 में बढ़कर 4,381 करोड़ अमेरिकी डॉलर के हो गए हैं। फेडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट आरगनाईजेशन के अनुसार, भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में हो रही आकर्षक वृद्धि दर भारतीय निर्यातकों की ताकत, प्रतिस्पर्धा व बाजार के हिसाब से ढलने की क्षमता को दर्शाती है। चीन, सिंगापुर, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया, तंजानिया, हांगकांग, आस्ट्रेलिया, स्पेन एवं श्रीलंका जैसे बाजारों में भारतीय उत्पादों की बढ़ती पहुंच भारत के निर्यात बास्केट के विस्तार का संकेत है। आटोमोबाईल निर्यात में 22.2 प्रतिशत की मजबूत बृद्धि दर्ज हुई है, इसमें दोपहिया व तिपाहिया वाहनों का दबदबा रहा है। जेम्स एंड ज्वेलरी के निर्यात में भी 3.14 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल हुई है। इलेक्ट्रॉनिक एवं इंजीनीयरिंग उत्पादों के निर्यात में लगातार वृद्धि भारत की मजबूत स्थिति को दर्शा रही है। विदेशी व्यापार के मामले में भारत विश्व में केवल कुछ देशों (अमेरिका सहित) पर निर्भर रहने के स्थान पर अब अपने विभिन्न उत्पादों के निर्यात के लिए नए नए बाजार तलाश रहा है। केंद्र सरकार के इन प्रयासों का सुपरिणाम दिखाई भी देने लगा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम पांच माह (अप्रेल-अगस्त 2026) के दौरान भारत का ब्रिक्स देशों (चीन, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील एवं रूस) को निर्यात 34 प्रतिशत बढ़कर 1,990 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। इसी अवधि में चीन को भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में 39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई हैं। ब्रिक्स समूह के समस्त सदस्य देशों के साथ भारत अपने आर्थिक एवं राजनैतिक सम्बंध लगातार मजबूत कर रहा है, जिसका परिणाम अब इन देशों के साथ भारत के लगातार बढ़ रहे विदेशी व्यापार के रूप में दिखाई देने लगा है। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, ब्रिक्स के चार मुख्य देशों (चीन, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील एवं रूस) का भारत के कुल निर्यात में हिस्सा अप्रेल-अगस्त 2025 के दौरान 8.1 प्रतिशत से बढ़कर अप्रेल-अगस्त 2026 के दौरान 9.2 प्रतिशत हो गया है। इस वित्तीय वर्ष के प्रथम पांच माह के दौरान चीन को 960 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निर्यात किया गया है तो वहीं दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील एवं रूस को भारतीय उत्पादों के निर्यात में क्रमश: 58 प्रतिशत, 13 प्रतिशत एवं 11 प्रतिशत की आकर्षक वृद्धि दर्ज की गई है। आज कई अमेरिकी कम्पनियां भारत में अपने वैश्विक योग्यता केंद्रों की स्थापना कर रही हैं। इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं - एस्ट्रा जेनेका, बैंक ओफ अमेरिका, ट्रूब्रिज, गाइडवायर, आदि। भारत में स्थापित इन वैश्विक योग्यता केंद्रों में हजारों की संख्या में भारतीय इंजीनीयर कार्य कर रहे हैं। कहीं यह अमेरिकी प्रशासन द्वारा लगातार बदले जा रहे वीजा सम्बंधी नियमों के चलते तो नहीं हो रहा है। अमेरिकी नीतियों से केवल विश्व के अन्य देश ही नहीं बल्कि अमेरिकी कम्पनियां भी परेशानी महसूस करने लगी हैं एवं वे अपनी इकाईयों को भारत सहित अन्य देशों में स्थानांतरित कर रही हैं। भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ विश्व के लगभग समस्त देशों के साथ अपने सम्बंधों को सुधारने का लगातार प्रयास कर रहा है। साथ ही, वैश्विक स्तर पर नागरिकों को सनातन संस्कृति के संस्कारों से परिचित कराने के प्रयास भी भारत द्वारा किए जा रहे हैं ताकि पूरे विश्व में शांति स्थापित की जा सके। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परमपूज्य सर संघचालक डॉ मोहन भागवत जी ने हाल ही में अमेरिका, कनाडा एवं ब्रिटेन की 17 दिवसीय यात्रा सम्पन्न की है। इन देशों में आयोजित सर्व धर्म सभाओं में अन्य धर्मों के धर्माचार्यों की भी उत्साहपूर्वक भागीदारी रही है। उक्त यात्रा में न्यूयार्क में सार्वभौमिक एकात्मता, टोरंटो में विश्व से मित्रता एवं लंदन में अपनेपन के संदेश के साथ डा भागवत ने सामाजिक समरसता, सेवा, विविधता के बीच एकता और नागरिक कर्तव्य पर भी जोर दिया। प्रवासी भारतीयों से उन्होंने अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहते हुए अपनी कर्मभूमि के प्रति पूरी निष्ठा निभाने का आह्वान किया।

आलेख

मुन्नी का हौसला, एम हेल्प वॉटर की धार, महालक्ष्मी समूह से रोजगार की बहार

'(विजय मानिकपुरी)'

सेवा संकल्प अभियान केवल सेवा कार्यों तक सीमित नहीं, बल्कि जनभागीदारी से आत्मनिर्भर और सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प भी है। इसी भावना को ग्राम डुमरिया की श्रीमती मुन्नी बाई राजवाड़े अपने उद्यम के माध्यम से साकार कर रही हैं। कभी खेतों में मजदूरी और छोटे-मोटे काम करके परिवार चलाने वाली मुन्नी बाई आज सरकारी योजनाओं के सहयोग से सफल महिला उद्यमी बन चुकी हैं। बिहान योजना से स्वयं सहायता समूह का संबल मिला, प्रशिक्षण से आत्मविश्वास बढ़ा और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) ने उनके सपने को कारोबार में बदलने का आर्थिक आधार दिया। आज वे स्वयं आत्मनिर्भर हैं और करीब 10 लोगों को रोजगार भी दे रही हैं।

''समूह से जुड़कर मिली उद्यम की राह''

मुन्नी बाई बिहान योजना के अंतर्गत महालक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आजीविका गतिविधियों का प्रशिक्षण मिला। रायपुर में प्रशिक्षण के दौरान उन्हें पीएमईजीपी की जानकारी मिली। योजना से प्रभावित होकर उन्होंने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र पहुंचकर विस्तृत जानकारी ली और अपना व्यवसाय शुरू करने का निर्णय लिया। परिवार की सीमित आर्थिक स्थिति के बावजूद उन्होंने गांव में जमीन लेकर पैक्ड पेयजल प्लांट स्थापित करने का फैसला किया। कई महीनों की प्रक्रिया के बाद पीएमईजीपी के तहत करीब 25 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। ऋण एवं उपलब्ध सहायता से शेड, बाउंड्री और बोरवेल सहित आवश्यक व्यवस्था तैयार की गई। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने 'एम हेल्प वॉटर' पैक्ड पेयजल प्लांट शुरू किया।

एक उद्यम से 10 लोगों को रोजगार

मुन्नी बाई का व्यवसाय अब केवल उनके परिवार की आजीविका तक सीमित नहीं है। प्लांट में उनके पति, बेटा-बेटी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा अन्य कर्मचारी कार्य कर रहे हैं।करीब 10 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है और कर्मचारियों को 6 से 9 हजार रुपये तक प्रतिमाह वेतन दिया जा रहा है। पानी की गुणवत्ता जांच से लेकर बोतल भरने और पैकेजिंग तक के कार्य के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। इससे ग्रामीण महिलाओं को गांव में ही रोजगार और नए कौशल का अवसर मिला है।

गांव से कई जिलों तक पहुंचा कारोबार

मुन्नी बाई के अनुसार पिछले एक वर्ष में करीब एक से डेढ़ लाख पानी की बोतलों की पैकिंग की जा चुकी है। बैकुण्ठपुर के साथ मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, अंबिकापुर, प्रतापपुर, विश्रामपुर, सूरजपुर, भैयाथान और कुदरगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में 'एम हेल्प वॉटर' की आपूर्ति की जा रही है। महालक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद मिली वित्तीय सहायता, बैंक लिंकेज, प्रशिक्षण और उद्योग विभाग के अभिसरण से पीएमईजीपी का सहयोग उनके उद्यम की सफलता में महत्वपूर्ण साबित हुआ। मुन्नी बाई प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहती हैं कि पीएमईजीपी जैसी योजनाओं ने उन्हें अपना व्यवसाय शुरू करने का अवसर दिया। सरकारी सहयोग और मार्गदर्शन से आज वे अपने पैरों पर खड़ी हैं और दूसरों को भी रोजगार दे पा रही हैं। मुन्नी बाई की कहानी बताती है कि सरकारी योजनाओं का लाभ जब जनभागीदारी, संकल्प और मेहनत से जुड़ता है, तो उसका प्रभाव एक परिवार से आगे बढ़कर पूरे समाज तक पहुंचता है। एक महिला आत्मनिर्भर बनती है, रोजगार के अवसर पैदा करती है और गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहभागी बनती है।

आमजन की समस्याओं के समाधान का भरोसेमंद सेतु

विशाल कुमार जायसवाल

लोक कल्याणकारी शासन की सार्थकता तभी है, जब आम नागरिक को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उसकी बात शासन-प्रशासन तक सहजता से पहुंचे। इसी उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सीएम हेल्पलाइन 1076 नागरिकों की समस्याओं और शासन-प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण सेतु के रूप में कार्य कर रही है। यह व्यवस्था प्रदेश के नागरिकों को अपनी समस्याएं और शिकायतें दर्ज कराने का माध्यम उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके निराकरण की दिशा में संबंधित विभागों तक शिकायत पहुंचाने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने में सहायक है। सीएम हेल्पलाइन का महत्व केवल शिकायत दर्ज करने तक सीमित नहीं है। आम नागरिकों के लिए कई बार समस्या से अधिक कठिन यह समझना होता है कि उसका समाधान कहां और किस प्रक्रिया के माध्यम से होगा। ऐसी स्थिति में हेल्पलाइन नागरिकों को उचित दिशा और आवश्यक प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त करने में मदद करती है। दस्तावेजों से जुड़ी समस्या हो, किसी शासकीय सेवा का लाभ लेने में कठिनाई हो, आवेदन के निराकरण में विलंब हो अथवा किसी विभागीय प्रक्रिया को लेकर असमंजस होकृनागरिक अपनी समस्या शासन की इस व्यवस्था के माध्यम से सामने रख सकते हैं। सीएम हेल्पलाइन 1076 की उपयोगिता इस बात में भी है कि नागरिक अपनी समस्या को सामने रखकर उसके समाधान की प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकते हैं। शिकायत प्राप्त होने के बाद संबंधित विषय को उचित स्तर पर पहुंचाया जाता है और आवश्यकता के अनुसार संबंधित अधिकारी नागरिक से संपर्क कर समस्या की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इससे नागरिक को अपनी समस्या के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त होता है और वह निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आगे की कार्रवाई कर सकता है। कई मामलों में नागरिक जानकारी के अभाव में गलत कार्यालय या गलत प्रक्रिया में समय और संसाधन खर्च करते रहते हैं। ऐसे में सही प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और संबंधित विभाग की जानकारी मिलना भी किसी समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होता है। इस दृष्टि से सीएम हेल्पलाइन आमजन के लिए शासन की सेवाओं तक पहुंच को अधिक सुगम बनाने में उपयोगी भूमिका निभाती है। सरगुजा जिले के ग्राम करिया की छात्रा आराधना सिंह का मामला सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से मिली सहायता का एक उदाहरण है। 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद कॉलेज में प्रवेश की तैयारी के दौरान उन्हें पता चला कि उनके आधार कार्ड में जन्मतिथि गलत दर्ज है और उसमें लगभग तीन वर्ष का अंतर था। उन्होंने आधार केंद्र और डाकघर में सुधार का प्रयास किया, लेकिन जन्मतिथि में अधिक अंतर होने के कारण सामान्य प्रक्रिया से संशोधन नहीं हो सका। समस्या से चिंतित आराधना की सहायता के लिए उनके चाचा ने सीएम हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद संबंधित अधिकारियों ने उनसे संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया समझाई और जन्म प्रमाण पत्र, शपथ पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज तैयार कर निर्धारित प्रक्रिया से आवेदन करने का मार्गदर्शन दिया। आराधना ने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर प्रक्रिया पूरी की और लगभग एक सप्ताह में आधार कार्ड में जन्मतिथि का सुधार हो गया। इससे उनकी उच्च शिक्षा और भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने की राह आसान हुई। आराधना ने इस सहायता के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। आराधना की तरह प्रदेश में अनेक नागरिकों के सामने अलग-अलग प्रकार की समस्याएं आती हैं। किसी विद्यार्थी के दस्तावेज में त्रुटि हो सकती है, किसी परिवार को शासकीय योजना का लाभ लेने में कठिनाई हो सकती है, किसी व्यक्ति का आवेदन लंबित हो सकता है या किसी नागरिक को किसी विभागीय सेवा की प्रक्रिया की जानकारी की आवश्यकता हो सकती है। ऐसी परिस्थितियों में सीएम हेल्पलाइन 1076 नागरिक को अपनी समस्या शासन के समक्ष रखने का एक माध्यम उपलब्ध कराती है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के लिए ऐसी व्यवस्था का महत्व और बढ़ जाता है, क्योंकि कई बार जानकारी के अभाव में वे यह तय नहीं कर पाते कि अपनी समस्या लेकर किस विभाग या कार्यालय में जाएं। हेल्पलाइन के माध्यम से समस्या दर्ज होने के बाद संबंधित प्रक्रिया की जानकारी और आवश्यक मार्गदर्शन मिलना उनके लिए समय, श्रम और अनावश्यक भागदौड़ को कम करने में सहायक हो सकता है। सीएम हेल्पलाइन की अवधारणा किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है। विद्यार्थी शिक्षा और दस्तावेजों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए इसका सहारा ले सकते हैं। किसान शासकीय सेवाओं और योजनाओं से संबंधित कठिनाइयों को सामने रख सकते हैं। महिलाएं विभिन्न शासकीय सेवाओं एवं अधिकारों से संबंधित समस्याओं को दर्ज करा सकती हैं। बुजुर्ग और अन्य नागरिक भी अपने सामने आने वाली प्रशासनिक कठिनाइयों के संबंध में सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार यह व्यवस्था शासन और नागरिक के बीच संवाद को मजबूत करने के साथ-साथ समस्या की जानकारी से समाधान की दिशा तक पहुंचने का माध्यम बनती है। किसी भी शासन व्यवस्था में नागरिक का विश्वास तभी मजबूत होता है, जब उसे यह महसूस हो कि उसकी समस्या सुनी जा रही है और उसके समाधान के लिए निर्धारित व्यवस्था मौजूद है। सीएम हेल्पलाइन 1076 इसी नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। आराधना के लिए सही हुआ आधार कार्ड केवल एक दस्तावेज का सुधार नहीं, बल्कि उनकी शिक्षा और भविष्य की योजनाओं को आगे बढ़ाने का अवसर है।

आईआईटी बॉम्बे के छात्र आत्महत्या से जुड़े सवाल

ललित गर्ग

आज एआई ने शिक्षा के सामने एक बिल्कुल नई चुनौती खड़ी कर दी है। चैटजीपीटी जैसे उपकरण ज्ञान प्राप्त करने, शोध करने और सीखने में उपयोगी हो सकते हैं, लेकिन परीक्षा में अनुचित तरीके से इनका इस्तेमाल शैक्षणिक ईमानदारी का प्रश्न बन जाता है। इसलिए केवल प्रतिबंध पर्याप्त नहीं होंगे। आईआईटी बॉम्बे के द्वितीय वर्ष के बीटेक छात्र साहिल वाकोडे की 18 सितंबर 2026 को हुई मृत्यु ने देश के उच्च शिक्षण संस्थानों की कार्यप्रणाली, विद्यार्थियों पर बढ़ते शैक्षणिक दबाव, परीक्षा में बढ़ती अनैतिकता, शिक्षकों की जवाबदेही, मानसिक स्वास्थ्य और परिसरों में राजनीतिक हस्तक्षेप जैसे अनेक गंभीर प्रश्न एक साथ खड़े कर दिए हैं। इस घटना को फिलहाल आत्महत्या के रूप में रिपोर्ट किया गया है, इसके पीछे की परिस्थितियों और किसी व्यक्ति की आपराधिक जिम्मेदारी का निर्धारण जांच का विषय है। मुंबई पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है और जांच आगे बढ़ाई जा रही है। इसलिए किसी व्यक्ति को घटना के लिए दोषी ठहराना जांच पूरी होने से पहले उचित नहीं होगा। घटना से पहले परीक्षा के दौरान साहिल के मोबाइल और कथित रूप से एआई चैटजीपीटी के इस्तेमाल को लेकर संस्थागत कार्रवाई की स्थिति बनी थी। इसके बाद छात्रों में यह धारणा पैदा हुई कि मामले को जिस तरीके से संभाला गया, उसमें पर्याप्त संवेदनशीलता नहीं थी। संस्थान ने बाद में अपने पूर्व सार्वजनिक बयान के लिए माफी मांगते हुए स्वीकार किया कि जांच पूरी होने से पहले घटना से जुड़े विवरण सार्वजनिक करना उचित नहीं था। संबंधित प्रोफेसर को डीन के प्रशासनिक पद से हटाया गया है, जबकि उनके विरुद्ध दर्ज मामले में अंतिम निष्कर्ष अभी जांच और न्यायिक प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। यात्राकी गाइड और यात्रा की जानकारी इस घटना के बाद तीन दिनों तक छात्रों का विरोध प्रदर्शन हुआ और 18 सूत्रीय मांगपत्र सामने आया। इन मांगों में स्वतंत्र जांच, शिक्षकों के विरुद्ध शिकायतों की स्पष्ट प्रक्रिया, छात्र-प्रतिनिधित्व, बेहतर काउंसलिंग, चौबीसों घंटे मनोचिकित्सकीय सहायता, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण और परीक्षा में अनियमितता के मामलों को संभालने के लिए अधिक मानवीय प्रक्रिया जैसी बातें शामिल हैं। आईआईटी बॉम्बे के निदेशक ने छात्रों के साथ बातचीत के बाद इस चार्टर पर हस्ताक्षर किए, हालांकि संस्थान की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि आगे की कार्रवाई निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार होगी। यहीं से इस पूरे प्रकरण का

सबसे महत्वपूर्ण पक्ष सामने आता है। क्या शिक्षा संस्थान में अनुशासन और मानवीय संवेदना एक-दूसरे के विरोधी हैं? निश्चित रूप से नहीं। परीक्षा में नकल, मोबाइल का अनुचित इस्तेमाल अथवा एआई के माध्यम से अनुचित सहायता लेना शिक्षा की विश्वसनीयता के लिए गंभीर चुनौती है। यदि उच्च शिक्षण संस्थान ऐसी अनैतिकताओं को रोकने में असफल होते हैं तो डिग्री, शोध और प्रतिभा की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। लेकिन दूसरी ओर अनुशासनात्मक कार्रवाई ऐसी होनी चाहिए जिसमें आरोप की निष्पक्ष जांच, छात्र को अपनी बात रखने का अवसर, अपील की व्यवस्था और मानसिक स्थिति को समझने की संवेदनशीलता शामिल हो। अपराध या अकादमिक कदाचार को नजरअंदाज करना भी गलत है और किसी छात्र को बिना समुचित प्रक्रिया के सामाजिक रूप से दोषी ठहरा देना भी। आज एआई ने शिक्षा के सामने एक बिल्कुल नई चुनौती खड़ी कर दी है। चैटजीपीटी जैसे उपकरण ज्ञान प्राप्त करने, शोध करने और सीखने में उपयोगी हो सकते हैं, लेकिन परीक्षा में अनुचित तरीके से इनका इस्तेमाल शैक्षणिक ईमानदारी का प्रश्न बन जाता है। इसलिए केवल प्रतिबंध पर्याप्त नहीं होंगे। विश्वविद्यालयों को यह स्पष्ट करना होगा कि एआई का उपयोग कहां स्वीकार्य है, कहां निषिद्ध है और उल्लंघन की स्थिति में कौन-सी पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। शिक्षकों को भी केवल दंड देने वाले अधिकारी की भूमिका से आगे बढ़कर मार्गदर्शक की भूमिका निभानी होगी। साहिल प्रकरण ने जातिगत भेदभाव के आरोपों को भी चर्चा के केंद्र में ला दिया है। परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है, जबकि संस्थान की ओर से यह कहा गया कि छात्र ने पहले एससी/एसटी सेल या प्रशासन के समक्ष ऐसी शिकायत नहीं की थी। इन दोनों पक्षों में से सत्य क्या है, इसका निर्णय जांच के बाद ही हो सकता है। लेकिन इससे एक व्यापक तथ्य सामने आता है- किसी भी विद्यार्थी को अपनी जाति, आर्थिक स्थिति, भाषा, क्षेत्र या सामाजिक पृष्ठभूमि के कारण स्वयं को अकेला या असुरक्षित महसूस नहीं होना चाहिए। भारत में उच्च शिक्षा को लेकर नियामकीय ढांचा भी लगातार अधिक जवाबदेही और छात्र-केंद्रित व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। यूजीसी की 2023 की छात्र शिकायत निवारण संबंधी नियमावली के साथ-साथ 2026 में प्रमोशन आफ इक्विटी इन हायर एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन रेगुलेशन भी सूचीबद्ध हैं। इसका मूल उद्देश्य यही होना चाहिए कि विद्यार्थी के अधिकार सुरक्षित रहें, शिकायतों का स्वतंत्र और समयबद्ध निवारण हो तथा संस्थान अपनी जिम्मेदारी से बच न सकें। लेकिन यहां एक सावधानी भी आवश्यक है। कानून का अर्थ यह नहीं हो सकता कि हर दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद बिना जांच किसी शिक्षक या अधिकारी को अपराधी घोषित कर दिया जाए।

क्षमावाणी महापर्व में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब 'क्षमा से उत्तम कोई मार्ग नहीं' : आचार्य श्री विनम्रसागरजी महाराज

छत्रपति संभाजीनगर (विश्व परिवार)। श्री खंडेलवाल दिगंबर जैन पंचायत पार्श्वनाथ मंदिर एवं श्री विनम्र चातुर्मास संयोजन समिति-2026 की ओर से सकल दिगंबर जैन समाज के सहभाग से क्षमावाणी महापर्व तथा परम पूज्य आचार्य श्री 108 विनम्रसागरजी महामुनिराज के 64वें अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भक्तिभाव के साथ आयोजित किए गए। आचार्य श्री सुयशगुप्तिजी गुरुदेव के सानिध्यमे समारोह में शहर सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा से हुआ। बैंड पथक की मंगलधुन, आकर्षक सजावट, सुंदर छतरियों, अश्व एवं धर्मध्वजा के साथ निकली शोभायात्रा में समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। संपूर्ण वातावरण गुरुभक्ति एवं धर्ममय हो गया। शोभायात्रा में अश्व पर सवार होकर धर्मध्वजा फहराने का सौभाग्य

एडवोकेट अनिलजी हीराचंदजी कासलीवाल को प्राप्त हुआ।

'क्षमा से मन का तनाव दूर होता है'

इस अवसर पर आचार्य श्री विनम्रसागरजी महाराज ने कहा कि जीवन में हम अनेक लोगों को दुख पहुंचाते हैं और अनेक लोगों से स्वयं भी दुखी होते हैं। इन सभी परिस्थितियों का समाधान केवल क्षमा है। किसी को दुख पहुंचाने या स्वयं दुखी होने का बोझ हम सूक्ष्म रूप में अपने भीतर लेकर चलते हैं, जिसके कारण मन तनाव में रहता है।

उन्होंने कहा कि हम कुछ लोगों को जानबूझकर तो कुछ लोगों को अनजाने में दुख पहुंचाते हैं। हमें उन सभी से क्षमा मांगनी चाहिए। साथ ही दूसरों ने हमारे साथ जैसा भी व्यवहार किया हो, उसके लिए हमें उन्हें भी क्षमा करना चाहिए। इससे मन का तनाव दूर होगा और जीवन सहज बनेगा। आचार्य श्री ने कहा कि गुरुग्रंथ साहिब, कुरान और गीता सहित सभी धर्मों में क्षमा के महत्व को बताया गया है। 'क्षमासे उत्तम कोई मार्ग नहीं है।'

आयोजन स्थल पर की गई भव्य सजावट, शिस्तबद्ध व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की आचार्य श्री विनम्रसागरजी महाराज ने सराहना की। उन्होंने पंचायत एवं सकल समाज की सेवा भावना, समर्पण तथा गुरुभक्ति की विशेष प्रशंसा की। ईस अवसर पर सुत्रसचलन पचायत अध्यक्ष महावीर पाटनी ने कीया

अवतरण दिवस पर विभिन्न परिवारों को पुण्यलाभ

आचार्य श्री के 64वें अवतरण दिवस के अवसर पर श्री धर्मेंद्रजी, सौ. संध्याजी जैन, सागर-इंदौर के सीमकेम फार्मा परिवार को पादप्रक्षालन का पुण्यलाभ प्राप्त हुआ। वहीं सौ. मनोरमादेवी, डॉ. मदनलालजी, श्री मनोजकुमारजी एवं समस्त लोहाड़े परिवार, उल्कानगरी की ओर से शास्त्र भेंट की गई।

संस्कार शिविर के बाद अब कुण्डलपुर में होगा जैन पाठशालाओं का दो दिवसीय सम्मेलन

- 170 पाठशालाओं के करीब 1000 शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कार्यकर्ता होंगे शामिल, ज्ञानवर्धन और धर्मशिक्षा पर होगा मंथन

कुण्डलपुर (म.प्र.) (विश्व परिवार)। संस्कार शिविर के सानंद एवं धर्मप्रभावना के साथ संपन्न होने के पश्चात अब कुण्डलपुर में जैन पाठशालाओं के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। शनिवार एवं रविवार को होने वाले इस सम्मेलन में करीब 170 जैन पाठशालाओं के लगभग 1000 शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कार्यकर्ता सहभागी होंगे। सम्मेलन में पाठशालाओं के संचालन, बच्चों के संस्कार निर्माण तथा धर्मशिक्षा को प्रभावी बनाने के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक विचार-

विमर्श किया जाएगा। निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने कहा कि यह सम्मेलन केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि ज्ञानवर्धन और ज्ञान यज्ञ का अवसर है। दो दिनों तक शिक्षक-शिक्षिकाएं और कार्यकर्ता अपने अनुभव साझा करेंगे तथा पाठशालाओं को और बेहतर ढंग से संचालित करने के उपायों पर मंथन करेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म एवं संस्कारों से जोड़ने के लिए पाठशालाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुनिश्री ने कहा कि इस आयोजन को आचार्य श्री समयसागर जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त है। सभी मुनिराजों द्वारा सम्मेलन में उपस्थित शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। साथ ही आयोजन को सफल बनाने में कुण्डलपुर प्रबंधकारिणी कमेटी का महत्वपूर्ण सहयोग है। उन्होंने कहा कि जैन पाठशाला केवल धार्मिक शिक्षा देने का स्थान नहीं है, बल्कि वह बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और संस्कारों की आधारशिला है।

सिटी सेंटर मॉल में रेलवे सुरक्षा बल बैंड की प्रस्तुति

- भारत माता चौक में होगा आरपीएफबैंड आयोजन

रायपुर (विश्व परिवार)। रेलवे सुरक्षा बल के 42वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रायपुर में 01 से 08 अक्टूबर तक विभिन्न प्रमुख स्थानों पर बैंड प्रस्तुतियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 02 अक्टूबर को सिटी सेंटर मॉल में रेलवे सुरक्षा बल के ब्रास एवं पाइप बैंड ने सायं 4:30 से 5:30 बजे तक संगीतमय प्रस्तुति दी।

बैंड ने विभिन्न लोकप्रिय एवं देशभक्ति गीतों की मधुर धुनें प्रस्तुत कीं, जिसका मॉल में उपस्थित नागरिकों, कर्मचारियों एवं आगंतुकों ने आनंद लिया। प्रस्तुति के उपरांत सिटी सेंटर मॉल की प्रबंधन समिति द्वारा आरपीएफ बैंड टीम को सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में 03 अक्टूबर को भारत माता चौक, रायपुर में सायं 4:30 से 5:30 बजे तक रेलवे सुरक्षा बल के ब्रास एवं पाइप बैंड द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि 09 अक्टूबर 2026 को रेलवे वर्कशॉप ग्राउंड, रायपुर में आरपीएफ का 42वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह रेलवे सुरक्षा बल की महानिदेशक सुश्री सोनाली मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित होगा।

जीवन को फटा बांस नहीं, सुमधुर बांसुरी बनाएं : मुनि श्रमण सागर जी

- 5 अक्टूबर को हिंदूपत पब्लिक स्कूल में प्रेरक प्रवचन होंगे।

राघौगढ़ (विश्व परिवार)। दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रभावक शिष्य, महान तपस्वी, औजस्वी वक्ता, बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने हम बांसुरी की तरह कैसे बने इस विषय पर मंगल प्रवचन करते हुए विद्यासागर सभागार राघौगढ़ में धर्म सभा में कहा फटा बांस बनोगे तो सर्कस के जोकर के हाथ में रहोगे। बांसुरी बनोगे तो श्री कृष्ण के मुख की शोभा बनोगे। आपने क्या कहा बांस के एक ही पेड़ से एक टुकड़े को चीर देने से फटा बांस बन जाता है। जिसकी आवाज किसी को अच्छी नहीं लगती। इसी पेड़ के एक टुकड़े से बांसुरी बनती है। उसकी आवाज सभी को मधुर लगती है। और सभी के प्रिय होती है। मुनिराज ने बांसुरी की पांच विशेषताएं बताते हुए कहा पहला गुण है उसकी आवाज मधुर निकलती है। दूसरा गुण है उसमें गांठ नहीं होती है। तीसरा गुण है जब बजाओगे तभी बजेगी। चौथा है उसमें

छेद होते हैं वह छेद उसके दुर्गुण नहीं है सुगुण है। पांचवा गुण है बांसुरी टूट भी जाए तो चूल्हे में जलने लकड़ी का काम करती है।

मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने प्रेरणा दी कि फटा बांस न बनकर बांसुरी बनें। बांसुरी के सभी पांच गुणों को अपनाये। सभी से सुमधुर वाणी में बोलें। जीवन में किसी से गांठ पड़ जाए तो उस गांठ को सुलझाकर खोलें, गांठ पर कैंची न चलाएं। बांसुरी के समान जब आवश्यक हो तभी बोले। बांसुरी के छेदों का अनुशरण कर दुर्गुणों को त्याग कर सुगुण अपनाये। मुनिराज ने कहा जिस तरह बांसुरी टूट जाने पर लकड़ी बनकर चूल्हे में जलने की काम आती है। उससे प्रेरणा लेकर हमें हमारे जीवन में हमारे शरीर के अंगों को दान करना चाहिए। नेत्रदान, रक्तदान, किडनी दान आदि देकर दूसरों का जीवन बचाना चाहिए। आपने आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के कथन का उल्लेख करते हुए कहा हमारा जीवन तो बांसुरी है मगर हमें बजाना नहीं आता है। जिन गांठों को कोशिशों से खोला जा सकता है उन पर कैंची न चलाएं। मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने कहा मेरी प्राथमिक शिक्षा आज से लगभग 35 वर्ष पूर्व शासकीय हिंदी माध्यम के स्कूल में हुई है। इसी कारण मुझे हिंदी का ज्ञान है हमारी मातृभाषा हिंदी भावों को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। यह विशेषता अंग्रेजी सहित दुनिया की किसी भाषा में नहीं है।

प्रकृति मानव सेवा संस्थान राघौगढ़ के संचालक मंडल के सदस्य एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक विजय कुमार जैन ने बताया है आगामी 5 अक्टूबर को सोमवार को मुनि श्रमण सागर जी एवं मुनि ओंकार सागर जी महाराज प्रात: 8:30 बजे हिंदूपत पब्लिक स्कूल राघौगढ़ पधार रहे हैं। उनके प्रेरक प्रवचन शिक्षकों एवं छात्रों के बीच होंगे।

श्री आदिशक्ति दुर्गापूजा मंडपम मे पहली बार विराजेगी सिंदूर से बनी माँ गौरिका की प्रतिमा

कवर्धा (विश्व परिवार)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री आदिशक्ति दुर्गापूजा परिवार द्वारा भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन होना है। जिसमें श्री आदिशक्ति दुर्गापूजा परिवार के मुख्य पुजारी स्वपनिल उपाध्याय ने बताया कि श्री आदिशक्ति दुर्गापूजा परिवार मजगांव रोड की ओर से लगातार 10 वर्षों से भव्य दुर्गापूजा का आयोजन किया जा रहा है।

अलग-अलग अवतार की दुर्गा प्रतिमा का हुआ आगमन

सबसे अलग पूजा के विधान के नाम से इस दुर्गापूजा को जाना जाता है। 2017 से प्रारम्भ हुए दुर्गापूजा में सबसे पहले माँ दुर्गा 2018 में माता पार्वती, 2019 में माँ त्रिपुरसुंदरी, 2020 में माँ महागौरी, 2021 में श्री अर्धनारीश्वर, 2022 में माता शर्वाणी, 2023 में माता रुद्राणी , 2024 में माँ कामाक्षी, 2025 में उज्जैन शक्तिपीठ माता हरसिद्धि और ज्योतिर्लिंग श्री महाकाल जी की अद्भुत प्रतिमा रखी गई और इस साल शारदीय नवरात्र 2025 में सिंदूर से बनी माँ मांगल्य गौरिका की भव्य प्रतिमा को रखा जा रहा है।

नवरात्रि के 9 दिन अलग अलग कार्यक्रमों की रूपरेखा

इस बार दुर्गापूजा की सबसे बड़ी बात ये है की प्रथम बार कवर्धा में माता आदिशक्ति की लाल सिंदूर और मिट्टी से बनी सिंदूरी प्रतिमा को विराजित किया जाएगा। इसके सांथ ही 11 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे शारदीय नवरात्र में भगवती का आगमन, महानिशा पूजा, फुलार्चन, भव्य सिंदूर महाआरती, हवन और विदाई बेला का कार्यक्रम श्री आदिशक्ति दुर्गापूजा मंडपम में किया जाएगा।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई

रायपुर (विश्व परिवार)। 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर आजाद चौक में स्थित गांधी जी की प्रतिमा के समीप स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था के सदस्य श्री पी संतोष नायडू जो विगत 19 वर्षो से अपने एक दिवसीय उपवास पर है इनके साथ राजनांदगांव जिला के आचार्य प्रहलाद मिश्रा, राजकुमार मंडावी दुर्ग जिला के बसंत कश्यप रायपुर जिला के मुकेश चोपड़ा, ललित मिश्रा, शशि पांडे ने भी एक दिवसीय उपवास देश में अमन चैन शांति के लिये किया इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी सदस्य श्रीमती सविता पाठक, सुनील

बाजारी, अजय जैन, राजेन्द्र उमाठे,मंगलसिंग, श्रीमती बबिता नत्थानी,अनिल गुप्ता, चंद्रकांत पांडे, श्रीमती सुधा कसार, महेश दुबे, शैलेन्द्र राठौर, परसराम अहीर, रमेंद्रनाथ मिश्रा, ललित मिश्रा, प्रतीक तिवारी, एवं दुर्ग राजनांदगांव जिला के राजकुमार मंडावी, छबिराम चंद्राकर, चंद्रहास मौरैया, डाक्टर दीपक शर्मा आदि बड़ी संख्या में सेनानी परिवार ने अपनी उपस्थिति दर्ज की शहर के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, विधायक द्वय श्री सुनील सोनी, श्री पुरंदर मिश्रा एवं नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी एवं कन्हैयालाल अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति देकर उपवास रत साथियो का कुशलक्षेम पूछा दोपहर बाद उपवासरत सेनानी संस्था के सदस्यो को संस्था के प्रदेश सचिव सुनील बाजारी, मंगलसिंग राजेन्द्र उमाठे महेश दुबे, पवन सेन द्वारा जूस देकर उपवास समाप्त कराया।

स्वच्छ भारत अभियान में नन्हे मुन्नों ने दिया स्वच्छता का संदेश

डोंगरगढ़ (विश्व परिवार)। स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से Alphabetz Preschool Dongargarh के नन्हे-मुन्ने बच्चों एवं शिक्षिकाओं ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत जागरूकता गतिविधि में हिस्सा लिया। बच्चों ने हाथों में स्वच्छता संबंधी संदेश लिखी तख्तियां लेकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया।

बच्चों ने स्वच्छ भारत अभियान का संदेश देते हुए अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने, कचरा इधर-उधर न फेंकने तथा स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत बनाने का संदेश दिया।

विद्यालय की शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में समझाया और उन्हें अपने घर एवं आसपास के क्षेत्र को साफ रखने के लिए प्रेरित किया। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों में स्वच्छता, जिम्मेदारी और सामाजिक जागरूकता की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया।

Alphabetz Preschool Dongargarh की इस पहल ने बच्चों को छोटी उम्र से ही स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी का महत्व समझाने का सराहनीय संदेश दिया।

गांधी जयंती पर दिया स्वच्छता संदेश, एक किमी गौरव पथ चमकाया

आरंग (विश्व परिवार)। 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर नगर के स्वयंसेवी संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने स्वच्छता का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया। फाउंडेशन के सदस्यों ने गायत्री मंदिर से इंदिरा चौक तक करीब एक किलोमीटर लंबे गौरव पथ के डिवाइडर की सफाई कर उसे कचरा मुक्त किया।फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि गौरव पथ नगर का गौरव है, लेकिन विभिन्न आयोजनों के दौरान और आम दिनों में भी लोग डिवाइडर में लगे पौधों के बीच प्लास्टिक कचरा, पॉलिथीन और शराब की बोतलें फेंक देते हैं। नियमित सफाई नहीं होने से वहां कचरे का ढेर लग जाता है। इसी को देखते हुए गांधी जयंती पर विशेष अभियान

चलाया गया।

अभियान के तहत डिवाइडर के साथ-साथ गायत्री मंदिर परिसर, इंदिरा चौक और पेयजल स्थल की भी साफ-सफाई की गई।

इस मौके पर संस्था के सदस्यों ने लोगों से अपील की कि स्वच्छता सिर्फ पखवाड़े या जयंती तक सीमित न रहे। हमें सदैव स्वच्छता के प्रति सचेत रहना होगा। नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए हर नागरिक का सहयोग जरूरी है।स्वच्छता अभियान में दुजेराम धीवर, महेन्द्र कुमार पटेल, कोमल लाखोटी, संजय मेश्राम, रमेश देवांगन, यादेव देवांगन, कियांश देवांगन, नीरज साहू, हरीश दीवान, ब्रजेश अग्रवाल, राहुल पटेल, भागवत जलक्षत्री, समाजसेवी पुष्पांजलि महंती सहित शिक्षादान केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

सिन्धी समाज पूज्य शंकराचार्यों के मार्गदर्शन में चल रहे अभियान में ठोस भूमिका निभाए : साईं मसन्द

रायपुर (विश्व परिवार)। भारत में सतयुग से शासन की व्यवस्था सनातन वैदिक सिद्धांतों पर आधारित धर्म के शासन की रही है। यथा राजा तथा प्रजा के आधार पर भारत सदैव पूरे विश्व का कल्याण करने वाले विश्वगुरु का दायित्व निभाता रहा है। हमारे देश की आजादी का उद्देश्य भी तत्कालीन अभिलेखों के अनुसार भारत द्वारा विश्वगुरु का दायित्व पुन: निभाना रहा। जब-जब भारत धर्म के शासन की व्यवस्था से दूर हुआ तब-तब देश और दुनिया में अव्यवस्था, अधर्म और पाप की वृद्धि हुई। इस अव्यवस्था से छुटकारा दिलाने हेतु ईश्वर ने अब तक 24 बार अवतार लेकर भारत में पुन: धर्म का शासन स्थापित कराया है।

भारत में इन दिनों पाप, अधर्म एवं अव्यवस्था की स्थिति पुन: चरम सीमा

में आ चुकी है। भारत के पूज्यपाद शंकराचार्य एवं अन्य अनेक महान संत इस दुखदाई स्थिति के निराकरण हेतु इन दिनों देश में पुन: धर्म का शासन स्थापित कराने का अभियान चलाये हुए हैं। प्रसन्नता की बात है कि इन दिनों भारत के साथ-साथ विश्व के अनेक देशों में रह रहे लाखों हिन्दू कार्यकर्ता इस अभियान में शामिल होते जा रहे हैं। सिन्धी समाज सदैव से सनातनी हिन्दू समाज रहा है। अत: सिंधी समाज भारत के पूज्यपाद शंकराचार्यों के नेतृत्व में चल रहे देश में धर्म का शासन स्थापित कराने के इस अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए।

उक्त आह्वान स्थानीय मसन्द सेवाश्रम के पीठाधीश साईं जलकुमार मसन्द साहिब ने गत दिनों लखनऊ में सिंधी समाज के विख्यात शिव शांति संत आसूदाराम आश्रम में आयोजित सत्संग तथा भारत एवं कुछ अन्य देशों में गठित सिंधी समाज के विभिन्न संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए किया। साईं मसन्द साहिब इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु चारों शंकराचार्यों की अध्यक्षता में गठित विश्व के 108 देशों के अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू संगठन परम धर्म संसद 1008 के संगठन मंत्री भी हैं। उल्लेखनीय है कि देश में यह अभियान सितम्बर 2012 से साईं मसन्द साहिब की पहल पर चल रहा है।

साईं मसन्द साहिब ने बताया कि सिंधी समाज की धर्म, देश और लोककल्याण के क्षेत्र में हज़ारों वर्षों से आज तक बड़ी सराहनीय भूमिका रही है। विश्व के वर्तमान पाषाण लिपि वैज्ञानिकों ने हाल ही में पुष्टि की है कि हज़ारों वर्ष पूर्व की सिंधु घाटी सभ्यता की पाषाण लिपि, जिसे अब जाकर पढ़ा जा सका है, में वैदिक शास्त्रों की ऋचाएं दर्ज हैं। सनातन वैदिक संस्कृति का जीवन जीने वाले तत्कालीन सिंधी व्यापारी जलमार्ग से विश्व के अनेक देशों में लम्बे समय के लिए व्यापार करने जाते थे। वहां के नागरिकों पर इनकी सनातन वैदिक संस्कृति की जीवन शैली का प्रभाव पड़ता था। इस तरह उनका भारत को विश्वगुरु बनने में बड़ा योगदान रहा है।

श्री खंडेलवाल दिगंबर जैन सभा, सेक्टर-6, भिलाई की प्रबंध कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

- क्षमा याचना के साथ उपवास कर्ताओं के लिए अनुमोदन किया

रायपुर (विश्व परिवार)। मोहनलाल बाकलीवाल भवन में श्री खंडेलवाल दिगंबर जैन सभा की बैठक सेक्टर 6 भिलाई में समिति के अध्यक्ष श्री महावीर प्रकाश निगोटिया जी की अध्यक्षता में हुई।

मंगलाचरण संजीव कासलीवाल. ने किया आज की बैठक में महासचिव

प्रदीप जैन बाकलीवाल ने सभा का संचालन करते हुए बताया कि वर्तमान समिति का कार्यकाल 02अक्टूबर को समाप्त हो गया है।

उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से वर्तमान समिति का कार्यकाल 3 माह

आगे बढ़ाने का निवेदन किया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

आज की बैठक में अनेक निर्णय पारित हुए जिसमें

नागपुर प्रांतीय सभा खंडेलवाल पंचायत की सम्मेद शिखरजी यात्रा हेतु बच्चों के लिए 31,000/- सहयोग राशि

दशलक्षण में 10 दिन उपवास करने वाले तपस्वियों की अनुमोदना।

संक्षिप्त समाचार

कलेक्टर आकाश छिकारा सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने बापू को अर्पित किए श्रद्धा सुमन

जगदलपुर/ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित गांधी उद्यान में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर कलेक्टर श्री आकाश छिकारा सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, डिप्टी कलेक्टर सुश्री हीरा गवर्ना और श्री कृष्ण कुमार जायसवाल सहित कलेक्टोरेट के समस्त अधिकारी व कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेणे कहिए का पाठ किया, जिससे संपूर्ण वातावरण देशभक्ति, सादगी और शांति के भाव से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने स्वतंत्रता संग्राम में बापू के अतुलनीय योगदान को याद किया और कहा कि उनके विचार एवं आदर्श आज के दौर में भी वैश्विक स्तर से लेकर हमारी दैनिक दिनचर्या तक पूरी तरह प्रासंगिक हैं। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों से गांधीजी की आत्मकथा सत्य के प्रयोग पढ़ने का आग्रह करते हुए कहा कि बापू के जीवन का प्रत्येक अध्याय और प्रसंग हमें एक आदर्श नागरिक बनने तथा विकसित राष्ट्र के निर्माण में अपना श्रेष्ठ योगदान देने की निरंतर प्रेरणा देता है।

डोंगाघाट में बाढ़ पीड़ितों के लिए मसीहा बने सूरज ठाकुर

खुद का घर ढहा, परिवार प्रभावित; फिर भी गले तक पानी में उतरकर करते रहे मदद

जगदलपुर। इंद्रावती नदी की बाढ़ ने डोंगाघाट क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। इस संकट में शिव मंदिर वार्ड निवासी सूरज ठाकुर ने मानवता की मिसाल पेश की। बाढ़ में उनका खुद का मकान ढह गया और परिवार भी प्रभावित हुआ, लेकिन उन्होंने अपनी परेशानी की परवाह किए बिना गले तक भरे पानी में उतरकर जरूरतमंद परिवारों तक पानी, भोजन और नाश्ता पहुंचाया। सूरज लगातार बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच पहुंचकर उनकी मदद करते रहे। स्थानीय लोगों ने उनकी सेवा, साहस और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें बाढ़ पीड़ितों का मसीहा बताया और उनके प्रति आभार जताया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत 20 किलोमीटर साइकिल रैली, स्वस्थ और सशक्त भारत का दिया संदेश

गांधी जयंती पर कलेक्टोरेट से जोबा तक निकली जिला स्तरीय साइकिल रैली, महिला एवं पुरुष वर्ग के पांच-पांच प्रतिभागियों का हुआ सम्मान

गरियाबंद (विश्व परिवार)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय साइकिल रैली का आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे कलेक्टोरेट परिसर से शुरू हुई रैली लगभग 20 किलोमीटर की दूरी तय कर ग्राम जोबा पहुंची। रैली में प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों और विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वस्थ, जागरूक और सशक्त भारत का संदेश दिया।

साइकिल रैली में कलेक्टर रणबीर शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर ऋचा ठाकुर, पंकज डाहिरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करण उइके और एसडीएम हितेश्वरी बाघे सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। प्रतिभागियों ने पूरे मार्ग में खेल भावना, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता का परिचय दिया।

वन मार्ग की प्राकृतिक सुंदरता ने बढ़ाया उत्साह- कलेक्टोरेट से जोबा तक का मार्ग वन क्षेत्र से होकर गुजरता है। हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे इस मार्ग पर साइकिलिंग करते हुए प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ 20 किलोमीटर की यात्रा पूरी की। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विश्व प्रसिद्ध साइकिलिंग प्रतियोगिता टूर डी फ्रांस का उल्लेख करते हुए साइकिलिंग के प्रति बढ़ती रुचि पर बात की। उन्होंने गरियाबंद से जोबा तक के प्राकृतिक मार्ग को साइकिलिंग के अनुकूल बताया।

जागरूक और सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प- कलेक्टर ने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम, सभाएं, गोष्ठियां तथा स्कूल और महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इनका उद्देश्य लोगों को अभियान से जोड़कर समाज को जागरूक और सशक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि सशक्त भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। स्वस्थ शरीर, जागरूक समाज और जनभागीदारी इसके प्रमुख आधार हैं। गांधी जयंती पर आयोजित साइकिल रैली के माध्यम से स्वास्थ्य, फिटनेस, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया। ग्राम पंचायत जोबा की सरपंच एकता सोम और जनपद सदस्य राकेश कुमार ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को शासन की योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने नियमित शारीरिक अभ्यास को स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक बताते हुए कहा कि साइकिल रैली में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी से स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता का संदेश प्रसारित हुआ।

महिला एवं पुरुष वर्ग के प्रतिभागियों का सम्मान- रैली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले महिला और पुरुष वर्ग के प्रथम पांच प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। महिला वर्ग में फॉरेस्ट रेंजर प्रांजलि मिश्रा, एसडीएम हितेश्वरी बाघे, डिप्टी कलेक्टर साक्षी ध्रुव, एआरसीएस महेश्वरी तिवारी और अपर कलेक्टर ऋचा ठाकुर को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार पुरुष वर्ग में यूगेश मंडावी, शिक्षा विभाग के धर्मेंद्र ओझा, स्टेनो हेमलाल साहू, एनआईसी उपनिदेशक नेहरू निराला और गजेंद्र ध्रुव को सम्मानित किया गया। आयोजन के माध्यम से नागरिकों को नियमित व्यायाम अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

सेवा संकल्प अभियान : 'आस्था निकुंज' वृद्धाश्रम में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बुजुर्गों का किया गया सम्मान

वृद्धाश्रम नहीं, घरों में हो बुजुर्गों का सम्मान-सांसद महेश कश्यप

जगदलपुर/ अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के पावन अवसर पर धरमपुरा स्थित 'आस्था निकुंज' वृद्धाश्रम में समाज कल्याण विभाग एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में एक भावुक और गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष मौके पर बस्तर सांसद महेश कश्यप ने अपना जन्मदिन आश्रम के बुजुर्गों के बीच अत्यंत सादगी और आत्मीयता के साथ मनाया। उन्होंने वरिष्ठजनों को फूल-माला पहनाकर, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और उनका मुंह मीठा कराकर चरण स्पर्श करते हुए आशीर्वाद लिया।

समारोह को संबोधित करते हुए सांसद श्री कश्यप ने विचारोत्तेजक संदेश देते हुए कहा कि माता-पिता और बुजुर्ग जीवन की वह अनमोल धरोहर हैं, जिन्हें संसार की किसी भी दौलत से दोबारा हासिल नहीं किया जा सकता। वृद्धजन दिवस को केवल आश्रमों तक सीमित रखने के बजाय हमें इसे अपने-अपने घरों में माता-पिता की सच्ची सेवा, आदर और सत्कार के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आधुनिक समाज में स्वार्थ और संकीर्णता का बढ़ना बेहद चिंताजनक है। सांसद ने संपन्न परिवारों द्वारा बुजुर्ग माता-पिता को वृद्धाश्रमों में असहाय छोड़ देने पर गहरा क्षोभ प्रकट करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति कितना भी बड़ा पद हासिल कर ले, चाहे वह डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी या राजनेता ही क्यों न बन जाए, यदि माता-पिता ने उसे जन्म और संस्कार न दिए होते, तो वह कभी इस मुकाम तक नहीं पहुँच सकता था। बुजुर्गों को बेसहारा छोड़ना हमारी गौरवशाली संस्कृति और समूची मानवीय सभ्यता पर एक बड़ा कलंक है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर संजय पांडे ने सनातन संस्कृति का उल्लेख करते हुए कहा कि शास्त्रों में माता, पिता और गुरु को भगवान तुल्य माना गया है। आज हमारे सामने बैठी बुजुर्ग पीढ़ी ही वह आधार स्तंभ है, जिसने अभावों के बीच कड़ा संघर्ष कर और अपने सुखों का त्याग कर बच्चों का भविष्य संवारा है। इसलिए यह दिन अपनी जड़ों और संस्कारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। उन्होंने रेखांकित किया कि बुजुर्गों को केवल दवाओं की नहीं, बल्कि परिवार के प्यार, आत्मीयता और अपनेपन की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। जिस घर में वरिष्ठजनों का आदर होता है, वहां स्वत: ही सुख-समृद्धि और ईश्वर का वास होता है। महापौर ने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वे मोबाइल स्क्रीन की आभासी दुनिया से बाहर निकलकर कुछ समय अपने बुजुर्गों के साथ बिताएं, क्योंकि आज की आधुनिक तकनीक जीवन को गति तो दे सकती है, परंतु जीवन को सही दिशा केवल हमारे बुजुर्ग ही प्रदान कर सकते हैं। इस अवसर पर बस्तर राज परिवार के सदस्य श्री कमलचंद भंजदेव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, समाज कल्याण विभाग की उप संचालक श्रीमती सुचिता लकड़ा, जिला रेडक्रास सोसायटी के उपाध्यक्ष श्री अलेक्जेंडर चेरियन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, चिकित्सक, पार्षदगण, रेडक्रॉस व माय भारत के स्वयंसेवक तथा बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने महात्मा गांधी को किया नमन

कलेक्टोरेट परिसर में गांधी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि, सत्य, अहिंसा और मानवता के आदर्शों को किया याद

गरियाबंद। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों और आदर्शों को याद करते हुए सत्य, अहिंसा, शांति और सद्भाव के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और मानवता के मार्ग पर चलते हुए पूरी दुनिया को शांति और सद्भाव का संदेश दिया। उनके विचारों में समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण और आत्मनिर्भर भारत की भावना निहित थी। उनका जीवन सत्य के मार्ग पर अडिग रहते हुए समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने महात्मा गांधी के आदर्शों को आत्मसात करने और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर ऋचा ठाकुर, पंकज डाहिरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करण उइके, एसडीएम हितेश्वरी बाघे, वरिष्ठ नागरिक अनिल चंद्राकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने तोकापाल और लोहंडीगुड़ा के बाढ़ राहत शिविरों का लिया जायजा

बाढ़ प्रभावितों को दैनिक उपयोग सामग्री का वितरण

जगदलपुर/ जिले में पिछले दिनों आई बाढ़ के बाद प्रभावित इलाकों में प्रशासन पूरी तत्परता के साथ राहत और पुनर्वास कार्यों में जुटा हुआ है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने तहसील तोकापाल के ग्राम घाटधनोरा तथा लोहंडीगुड़ा तहसील अंतर्गत टाकरागुड़ा के टिकरापारा स्थित बाढ़ राहत शिविरों का औचक व सघन निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय खन्ना भी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने राहत शिविरों में ठहरे प्रभावित ग्रामीणों से आत्मीय संवाद कर उनका हालचाल जाना और मौके पर उपलब्ध व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखी। उन्होंने शिविरों में परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य जरूरी सुविधाओं का बारीकी से मुआयना किया। कलेक्टर श्री छिकारा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विपरीत परिस्थितियों से जूझ रहे किसी भी नागरिक को बुनियादी सुविधाओं की तनिक भी कमी महसूस नहीं होनी चाहिए।

राहत शिविरों में प्रशासन की तरफ से प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहायता सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है। व्यवस्था के तहत 13 प्रभावित परिवारों को दैनिक उपयोग हेतु बर्तन व अन्य जरूरी सामग्रियां बांटी गईं।

कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा से ग्रामीणों के कच्चे-पक्के मकानों, पालतू मवेशियों और फसलों को पहुंचे नुकसान पर गहरी संवेदनशीलता व्यक्त की और उन्होंने मौके पर मौजूद राजस्व अमले सहित संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि नुकसान का आकलन पूरी पारदर्शिता, संवेदनशीलता और तेजी से किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षति से जुड़े सभी प्रकरणों का त्वरित निराकरण करते हुए आवश्यक औपचारिकताएं अविलंब पूरी की जाएं, ताकि प्रभावित परिवारों के खातों में बिना किसी विलंब के राहत राशि पहुंच सके और इस संकट के समय में उन्हें त्वरित आर्थिक संबल मिल सके।

कार्यालय अधीक्षक अभियंता
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
प्रथम आमंत्रण
दिनांक 30.09.2020

निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा 'डी' एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों के लिये आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 21.10.2026 तक है

एन.आई.टी क्र/ निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत
1	2	3
NIT NO. 228 Tender No. 200710	जिला महासमुंद के उपसंभाग पिथौरा अंतर्गत बसना में उप पंजीयक कार्यालय भवन का निर्माण कार्य ।	रू. 34.58 लाख
NIT NO. 229 Tender No. 200711	जिला महासमुंद के उपसंभाग सरायपाली अंतर्गत कार्यालय उप पंजीयक भवन सरायपाली का निर्माण कार्य ।	रू. 36.15 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्युडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्युडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेग, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का भोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि., रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)

जी- 262703691/2 Credible Chhattisgarh

आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

निगम में गांधी व शास्त्री जयंती मनाई गई

■ महापौर ने गांधी एवं शास्त्री के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर उनके योगदानों को किया याद

राजनांदगांव (विश्व परिवार)। नगर निगम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य पर आज आयोजित कार्यक्रम में पुष्पांजली अर्पित की गयी। महापौर श्री मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में महापौर सहित निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। इसके अलावा उपस्थित निगम पदाधिकारियो में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण सर्वश्री सुनील साहू,राजेश जैन रानू, सावन वर्मा, शैकी बग्गा, डीलेश्वर साहू, पार्षदगण सर्वश्री शिव वर्मा, हेमंत शेखर यादव,श्रीमती श्रुती जैन, मनोहर यादव, प्रमोद झंझाडे,कुलेश्वर ध्रुव,श्रीमती झामित सेन, चन्द्रशेखर लश्करे,सतीश साहू, अरूण साहू, नामांकित पार्षद श्रीमती करूणा राजपूत, श्रीमती मंजू यादव, श्रीमती कीर्ति बोरकर,पार्षद प्रतिनिधि सर्वश्री राजेश यादव, संतोष निर्मलकर, लोकेश जैन, अभय पारख,पंकज कुरंजेकर, विजय सिन्हा, हीन्साराम द्वारा गांधी जी एवं शास्त्री जी के तैल चित्रपर पुष्पाजलि अर्पित की गयी। इसके अलावा निगम पदाधिकारियों ने पुराना बस स्टैण्ड स्थित महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजली अर्पित की।

जयंती कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व शास्त्री जी के योगदानों को याद कर उनकी जयंती पर शुभकामनाएं देते हुये कहा कि गांधी जी ने अहिंसा के मार्ग पर चल कर देश को आजादी दिलाई। उन्होंने सर्वप्रथम स्वच्छता अपनाकर पूरे देश में स्वच्छता का अलख जगाया। आज उन्ही के याद में आज के दिन स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली और जय जवान जय किसान का नारा देकर किसानों,जवानों एवं देश के हित में कार्य कर देश को उन्नति दिलायी। ऐसे महापुरूषो को आज के इस पावन अवसर पर मैं श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूँ।

निगम आयुक्त श्री मरकाम ने अपने संबोधन में गांधी जी व शास्त्री जी की जयंती शुभकामनाए देते हुये कहा कि महात्मा गांधी जी ने सदैव स्वच्छता को महत्व दिये, इन्हीं के सिद्धांतों का पालन करते हुये हम स्वच्छता अपना रहे है। उनके स्वच्छता के संदेश को जन जन तक पहुँचाये। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री जी की सादगी एवं उनके आदर्श हमें प्रभावित करते है। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे व श्री यू.के.रामटेके सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में डिजिटल हरबेरियम पर कार्यशाला

भिलाई (विश्व परिवार)। श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, के जीवन विज्ञान संकाय में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वाराशिक्षा मंत्रालय की पहल, संस्थान नवाचार परिषद (आईआईसी) के अंतर्गत ओजोन परत की रक्षा करें, अपने कल की रक्षा करें विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में दो शैक्षणिक गतिविधियाँ शामिल थीं—डिजिटल हर्बेरियम पर कार्यशाला तथा पर्यावरण में ओजोन परत का महत्व विषय पर वैज्ञानिक पोस्टर प्रतियोगिता विभागाध्यक्ष डॉ परख सहगल ने जानकारी देते हुय बताया कि कार्यशाला में सर्वप्रथम विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ स्मिता सेलट ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार डिजिटल हर्बेरियम का फीता काटकर एवं क्यूआर कोड स्कैन करके औपचारिक उद्घाटन किया। बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर (वनस्पति विज्ञान) के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर के 30 से अधिक पौधों का विश्लेषण कर उन्हें डिजिटल हर्बेरियम के रूप में प्रस्तुत किया।

अपने संबोधन में कुलपति डॉ स्मिता सेलट ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जनजागरुकता की महती आवश्यकता है।बढ़ते तापक्रम और प्राकृतिक आपदाएं हमें सचेत कर रहीं है कि प्रदूषण निवारण और पर्यावरण के संरक्षण पर यदि अभी ध्यान नहीं दिया तो आनेवाला कल मुश्किलों भरा होगा।ओजोन के क्षय को रोकने की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास किय जाने की आवश्यकता है। डिजिटल हरबेरियम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे हमें वानस्पतिक प्रजातियों की संपूर्ण जानकारी मिल जाती है।इस अवसर पर पोस्टर प्रदर्शनी के अवलोकन कुलपति ने किया और विधार्थियों को पुरस्कार वितरित किए।

डिजिटल हर्बेरियम कार्यशाला का संचालन डॉ. अनामिका तिवारी ने किया। कार्यशाला में कुल 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया।कार्यशाला में विभिन्न सत्रों में निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की गई।

यूएसए में रहने वाली महिला ने ओम हॉस्पिटल में कराई प्लास्टिक सर्जरी, उसी दिन छुट्टी

रायपुर (विश्व परिवार)। महादेवघाट रोड स्थित ओम अस्पताल में अमेरिका में रहने वाली एक महिला की सफल प्लास्टिक-कॉस्मेटिक सर्जरी की गई। करीब एक वर्ष पहले हुए सड़क हादसे में महिला के दांत से उनका होठ कट गया था। उपचार के बाद घाव तो ठीक हो गया, लेकिन होठ में छोटी सी गठान बन गई थी, जिसके कारण उन्हें परेशानी हो रही थी।

महिला ने अमेरिका में चिकित्सकों से इस समस्या के संबंध में संपर्क किया। वहां उन्हें सर्जरी के लिए करीब 14 महीने बाद की तारीख मिली। इसी बीच महिला अपने परिवार के पास रायपुर आईं। उन्होंने यहां ओम अस्पताल के प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन तथा अस्पताल के निदेशक डॉ. कमलेश अग्रवाल से संपर्क किया।

जांच के बाद चिकित्सकीय सलाह के अनुसार महिला की होठ की प्लास्टिक-कॉस्मेटिक सर्जरी की गई। सर्जरी के बाद उन्हें किसी प्रकार की गंभीर परेशानी नहीं हुई और ऑपरेशन के चंद घंटों बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार महिला अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और सामान्य रूप से रह रही हैं।

मरीज ने कहा कि कॉस्मेटिक सर्जरी कराने के कारण उन्हें इस ऑपरेशन में किसी भी प्रकार का दर्द नहीं हुआ और डॉ कमलेश अग्रवाल के मुताबिक होठ में ऑपरेशन और टाके का कोई भी निशान नहीं रहेगा।

गंज थाना प्रभारी से मुलाकात कर विभिन्न सामाजिक विषयों पर गंभीरतापूर्वक चर्चा

रायपुर (विश्व परिवार)। भारतीय बौद्ध महासभा के प्रतिनिधिमंडल द्वारा आज पुलिस थाना गंज के थाना प्रभारी श्री दीपक पासवान से मुलाकात कर विभिन्न सामाजिक विषयों पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की गई।

चर्चा के दौरान समाज में बढ़ते मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों पर विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से युवाओं को नशे से दूर रखने तथा समाज में नशामुक्ति और जागरूकता को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा की ओर से गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक स्पा सेंटर के बाहर लगाए गए तथागत गौतम बुद्ध के छायाचित्र को हटाने के संबंध में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। महासभा के प्रतिनिधियों ने कहा कि तथागत गौतम बुद्ध के छायाचित्र का उपयोग ऐसे व्यावसायिक स्थल के बाहर नहीं किया जाना चाहिए, जिससे उनकी गरिमा एवं बौद्ध समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचे।

थाना प्रभारी श्री दीपक पासवान द्वारा प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना गया तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को संबंधित स्पा सेंटर में जाकर मामले की जांच करने एवं आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश के सदस्य आयुष्मान राहुल रामटेके, सुरेंद्र गोंडाने, जिला उपाध्यक्ष आयुष्मान हितेश गायकवाड, विजय चौहान, युवा विंग अध्यक्ष आयुष्मान प्रफुल्ल मेश्राम, महासचिव अरुण बागड़े, रोहन खोबरागड़े सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भारतीय बौद्ध महासभा ने सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर संवेदनशीलता एवं सहयोगात्मक दृष्टिकोण के लिए थाना प्रभारी एवं उपस्थित सभी साथियों के प्रति बहुत-बहुत साधुवाद एवं आभार व्यक्त किया।

उरकुरा स्टेशन पर बच्चों की सूझबूझ और स्टेशन मास्टर की फुर्ती ने बचाई एक महिला की जिंदगी

■ बच्चे ने कहा- अंकल, मौसी ट्रेन के सामने आने वाली हैं और स्टेशन मास्टर दौड़ पड़े...

रायपुर (विश्व परिवार)। 06 सितंबर 2026, दोपहर करीब 12:38 बजे। स्टेशन मास्टर श्री आनंद उपाध्याय अपनी ड्यूटी पर थे और ट्रेन के लिए सिग्नल का आदान-प्रदान करने के लिए प्लेटफॉर्म में आए थे। प्लेटफॉर्म पर सब सामान्य था, तभी एक छोटा बच्चा घबराया हुआ उनके पास दौड़ता हुआ आया।

बच्चे ने घबराते हुए कहा कि उसकी मौसी ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान देने वाली हैं।

बच्चे की बात सुनते ही श्री उपाध्याय ने एक पल भी नहीं गंवाया। वे तुरंत उस दिशा में दौड़े और देखा कि एक महिला ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान देने के इरादे से ट्रैक के बेहद करीब खड़ी है। उसी समय एक मालगाड़ी तेज गति से आ रही थी।

उन्होंने पूरी तत्परता और ताकत से महिला का हाथ पकड़ा और उसे ट्रैक से दूर खींच लिया। महिला के ट्रैक से हटते ही कुछ ही सेकंड में ट्रेन धड़धड़ाती हुई वहां से गुजर गई। श्री उपाध्याय की इस त्वरित कार्रवाई से संभावित अनहोनी टल गई।

इसके बाद श्री उपाध्याय ने महिला और दोनों बच्चों को संभाला, उन्हें पानी पिलाया और तुरंत रेलवे सुरक्षा बल को सूचना दी। आरपीएफ की टीम ने महिला की काउंसलिंग की। कुछ देर बाद महिला की माता भी स्टेशन पहुंच गईं और वे अपनी बेटी को सुरक्षित घर ले गईं।

इस पूरी घटना में उस छोटे बच्चे की सजगता और स्टेशन मास्टर श्री आनंद उपाध्याय की सतर्कता, तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और एक परिवार को बिखरने से बचा लिया।

रेल प्रशासन ने श्री आनंद उपाध्याय के इस साहसिक और मानवीय कार्य की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

आईटीआई बस्तर में के तहत स्टार्ट-अप एवं जागरूकता शिविर संपन्न

जगदलपुर (विश्व परिवार)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जगदलपुर के तत्वावधान में गुरूवार को शासकीय आईटीआई बस्तर में एक दिवसीय स्टार्ट-अप एवं जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य संस्थान में विभिन्न व्यवसायों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार, नवाचार तथा उद्यमिता के क्षेत्र में उपलब्ध असीम अवसरों से परिचित कराना और उन्हें शासन की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराना था।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित विभाग के सहायक प्रबंधक श्री प्रफुल्ल कुमार लाखन ने छात्र-छात्राओं को शासन की महत्वाकांक्षी स्टार्ट-अप नीति, नवाचारी विचारों के विकास, नवीन सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की स्थापना तथा समसामयिक व्यावसायिक मॉडल्स के चयन पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज का युवा केवल रोजगार पाने वाला न बने, बल्कि अपने रचनात्मक और नवाचारी विचारों को सफल व्यवसाय में बदलकर स्वयं रोजगार प्रदाता बने तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करे।

गाँधी जी का जयन्ती पर महापौर चौबे और सभापति राठौड़ ने किया सादर नमन

रायपुर। आज महात्मा गाँधी को उनकी जयन्ती पर सादर नमन करने रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से टाउनहाल के प्रांगण में रखे गए संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर राजधानी शहर रायपुर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे और नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने महात्मा गाँधी को उनकी जयन्ती पर सादर नमन किया. इस अवसर पर नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी एल्डरमैन राजू राघवानी, छत्तीसगढ़ राज्य श्रम कल्याण मण्डल के उपाध्यक्ष किशोर महानन्द सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने महात्मा गाँधी को जयन्ती पर सादर नमन किया।

सरकार नशे के कारोबार को रोक नहीं पा रही भाजपाई पदयात्रा निकाल रहे: कांग्रेस

रायपुर (विश्व परिवार)। भाजपा के द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान पर प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि सरकार नशे के कारोबार को रोक नहीं पा रही और भाजपाई नशा मुक्ति अभियान की नौटंकी कर रहे है। युवा और नाबालिक बुरी तरह से सुखे नशे के चपेट में आ चुके हैं। राजधानी सहित बड़े शहरों के आउटर संचालित कैफे, फार्महाउस और बार में अवैध नशे का जमकर कारोबार हो रहा है। गांजा, अफीम, चरस, कोकीन, हेरोइन, एमडीएमए, स्मैक, ब्राउन शुगर से लेकर कफ सिरप, नाइट्रोटेन, अल्प्राजोलम, चंदागोली खुलेआम बिक रहा है।

प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि नशे के बढ़ते कारोबार के कारण ही प्रदेश में अपराध बढ़ रहे हैं। लूटमार, हत्या, चोरी, डकैती और महिलाओं के खिलाफहोने वाले अपराध पिछले दो सालों में कई गुना बढ़ा है, जिसका असल कारण नशाखोरी ही है। गुजरात का मुद्रा पोर्ट दुनिया भर में अवैध ड्रग्स के कारोबार का मुख्य केंद्र बना हुआ है, हजारों करोड़ के ड्रग्स अफगानिस्तान से पाकिस्तान होकर मुंद्रापोर्ट के रास्ते पूरे देश में फैल रहे हैं। एक साल पहले राजधानी रायपुर के गंज थाने में विशाल कुमार नाम के एक फर्जी आईबी अधिकारी की गिरफ्तारी हुई थी, प्रशासन का दावा था कि सैकड़ों ड्रग पैडलरों की सूची आरोपी से बरामद हुई है, लेकिन भाजपाइयों के नाम उजागर होने के डर से पूरा मामला दबा दिया गया।

एनटीपीसी नवा रायपुर ने स्वच्छ भारत दिवस-2026 का आयोजन किया

नवा रायपुर (विश्व परिवार)। एनटीपीसी नवा रायपुर में 02 अक्टूबर, 2026 को गांधी जी और शास्त्री जी को पुष्पांजलि अर्पित करके स्वच्छ भारत दिवस मनाया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि अजय शर्मा, कार्यकारी निदेशक (प्रचालनसेवाएँ) के नेतृत्व में, कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए और गांधी जी और शास्त्री जी को पुष्पांजलि अर्पित करने के अलावा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर 17 सितंबर से 02 अक्टूबर, 2026 तक 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा समारोह के दौरान आयोजित चित्रकला और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं के विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण भी किया गया।

इस साल की थीम - स्वच्छता में सहयोग; स्वच्छ भारत, विकसित भारत के हिसाब से, NTPC नवा रायपुर ने कई इवेंट्स किए, जिनकी शुरुआत स्वच्छता शपथ से हुई, फिर पब्लिक जगहों की सफाई हुई; हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए प्रिवेंटिव हेल्थ चेक-अप कैंप; कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए पेंटिंग और निबंध लिखने के कॉम्पिटिशन; हाउसकीपिंग स्टाफ का सम्मान; एक पेड़ माँ के नाम (प्लांटेशन ड्राइव); एक दिन, एक घंटा, एक साथ (श्रमदान पहल) आदि।

स्वच्छता कर्मचारियों की परिश्रम से सुंदर और स्वच्छ बन रहा कवर्धा: चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

■ स्वच्छता दीदियों और स्वच्छता कर्मचारियों का हुआ सम्मान

कवर्धा (विश्व परिवार)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में स्वच्छता सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह-सुबह कलेक्टर कार्यालय परिसर में साफ-सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया तथा स्वच्छता सम्मान कार्यक्रम अंतर्गत नगर पालिका के स्वच्छता कार्य से जुड़े सफाई कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदियों को प्रशस्ति पत्र एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका परिषद कवर्धा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान से देशभर में स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता संबंधी विचारों और उनके सपनों को देशभर में जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। इसके परिणामस्वरूप आम नागरिकों में स्वच्छता के प्रति सोच और व्यवहार में व्यापक एवं अमूलचूक परिवर्तन आया है उन्होनें कहा कि कवर्धा शहर की स्वच्छता दीदियां और सफाई कर्मचारी दिन-रात, पूरे वर्ष ठंड, गर्मी, दोपहर, बारिश सहित हर मौसम और विपरीत परिस्थितियों में पूरी निष्ठा, तन्मयता एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। इनके अथक परिश्रम से ही शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने और कवर्धा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है।

स्वच्छता से जुडे कर्मचारियों का हुआ सम्मान

स्वच्छता कर्मियों का कार्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि वे शहर के स्वास्थ्य, स्वच्छ वातावरण और बेहतर जीवनशैली की नींव मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। इनके निरंतर परिश्रम और समर्पण के कारण ही स्वच्छता अभियान को जनभागीदारी का स्वरूप मिल रहा है। आज गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मचारियों का सम्मान करते हुए हम स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

स्वच्छता दीदी व स्वच्छता कर्मचारियों की भूमिका महत्तवपूर्ण-सीएमओं

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू ने भी स्वच्छता दीदियों एवं स्वच्छता कर्मचारियों का सम्मान करते हुए कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में स्वच्छता दीदियों और सफाई कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे प्रतिदिन नियमित रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए शहर को स्वच्छ रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता दीदियां एवं सफाई कर्मचारी विपरीत परिस्थितियों में भी पूरी जिम्मेदारी और मेहनत के साथ कार्य करते हैं। उनके परिश्रम से शहर में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होती है और आम नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिलता है। उन्होंने सभी स्वच्छता कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद उनके योगदान को सदैव सम्मान की दृष्टि से देखती है।

एलटीटी-सांतरागाछी-एलटीटी के मध्य 04-04 फेरे के लिए पूजा स्पेशल ट्रेन का संचालन

रायपुर (विश्व परिवार)। आगामी त्यौहारों के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफ़र्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु एलटीटी-सांतरागाछी-एलटीटी के मध्य 04-04 फेरों के लिए पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।

गाड़ी संख्या 01107 एलटीटी-सांतरागाछी पूजा स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन, एलटीटी से दिनांक 06 से 27 अक्टूबर 2026 तक प्रत्येक मंगलवार को चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01108 सांतरागाछी-एलटीटी पूजा स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन सांतरागाछी से दिनाँक 08 से 29 अक्टूबर 2026 तक प्रत्येक गुरुवार को चलेगी 7 इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर एवं रायगढ़ स्टेशनों में दिया गया है।

गाड़ियों की समय सारिणी

गाड़ी संख्या 01107 एलटीटी-सांतरागाछी पूजा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन, एलटीटी से दिनांक 06 से 27 अक्टूबर 2026 तक प्रत्येक मंगलवार को 20.20 बजे रवाना होगी तथा मार्ग के अन्य मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन गोंदिया आगमन 12.04 बजे, प्रस्थान 12.06 बजे, दुर्ग आगमन 14.15 बजे, प्रस्थान 14.20 बजे, रायपुर आगमन 14.55 बजे, प्रस्थान प्रस्थान 15.00 बजे, बिलासपुर आगमन 16.45 बजे, प्रस्थान 16.55 बजे, रायगढ़ आगमन 18.33 बजे, प्रस्थान 18.35 बजे होते हुये तीसरे दिन सुबह 05.00 बजे सांतरागाछी स्टेशन पहुंचेगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
निविदा सूचना
(1)निविदा सूचना क्रमांकः- एसएनटी-आर-2026-16
दिनांक. 01.10.2026
कार्य का नामः सिग्नलिंग और दूरसंचार कार्य का निष्पादन, के संबंध में: (1) रायपुर डिवीजन-टीटीआर (टीडब्ल्यूएस•डब्ल्यूसीएमएससी)-18 सेट (मुख्य लाइन) और 34 सेट (लूप लाइन), टीटीआर (डब्ल्यूसीएमएससी)-38 सेट और टीटीआर (डीएस)-8 सेट, (2) बिलासपुर-दुर्गः टीआरआर (पी)-31.723 टी.के.एम.।
निविदा मूल्यः रू. 53116920.00, ईएमडीः रू. 1062400.00, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 (बारह) माह । बिडर्स अपना मूल/संशोधित बिड्स केवल **26.10.2026** को **15.00** बजे तक प्रस्तुत कर सकते है । मैनुअल आंफर्स इस निविदा के विरुद्ध स्वीकार नही होंगे ।
विस्तृत विवरण हमारे वेबसाईट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है ।
वरि.मंडल संकेत एवं दूर. अभियंता
पीआर/आर/एसएंडटी/एएन/225 द.पू.म.रे., रायपुर
South East Central Railway @secrail

सेवा यात्रा बाइक रैली का कोरबा जिले में भव्य स्वागत

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा यात्रा बाइक रैली कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दूरस्थ सीमावर्ती क्षेत्र पसान पहुंची। जिले में प्रवेश पर स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने रैली का भव्य स्वागत किया। माथे पर तिलक लगाई गई। बाइक रैली में शामिल युवाओं में उत्साह देखा गया। यात्रा के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए सेवा कार्यों की जानकारी दी और विभिन्न स्थानों पर सेवा गतिविधियों में भाग लिया। रैली रात में कटघोरा पहुँची।

बरसात के बाद सड़कों और पुलों के निर्माण को मिलेगी रफ्तार

- 672 करोड़ रुपए से अधिक के 24 कार्यों की निविदा मंजूर
- प्रदेशवासियों को बेहतर, तेज और सुरक्षित आवागमन की मिलेगी सुविधा : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

रायपुर (विश्व परिवार)। बरसात के बाद प्रदेश में सड़क और पुल निर्माण के कार्य तेजी से धरातल पर उतरेंगे। राज्य शासन ने इसके लिए तैयारियां पूरी करते हुए 672 करोड़ 22 लाख 30 हजार रुपए के 24 महत्वपूर्ण कार्यों की निविदाओं को मंजूरी दे दी है। इनमें नई सड़कों और पुलों के निर्माण के साथ मौजूदा सड़कों के उन्नयन, चौड़ीकरण, मजबूतीकरण, विद्युतीकरण और सौंदर्यीकरण के कार्य शामिल हैं। लोक निर्माण विभाग ने संबंधित अधिकारियों को चयनित ठेकेदारों एवं निर्माण एजेंसियों को यथाशीघ्र कार्यादेश जारी कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश में मजबूत सड़क एवं पुल अधोसंरचना का निर्माण राज्य सरकार की विकास प्राथमिकताओं में शामिल है। बेहतर सड़कें गांवों और शहरों के बीच कनेक्टिविटी मजबूत करने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और अन्य आवश्यक सेवाओं तक लोगों की पहुंच को सुगम बनाती हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से आवागमन बेहतर होगा और व्यापार, पर्यटन सहित स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्वीकृत परियोजनाओं का लाभ लोगों तक जल्द पहुंचे, इसके लिए कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए और निर्माण की गुणवत्ता की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सड़क और पुल अधोसंरचना के विस्तार के लिए योजनाबद्ध ढंग से काम कर रही है। लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेशभर में 24 महत्वपूर्ण कार्यों की निविदाओं को मंजूरी दी गई है। अधिकारियों को कार्यादेश जारी कर बरसात के बाद निर्माण कार्यों को तत्काल गति देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा, जिससे प्रदेशवासियों को बेहतर, तेज और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा मंजूर 24 कार्यों में नई सड़कों के सात कार्य, पुल एवं पहुंच मार्गों के दो कार्य, सड़कों के उन्नयन के तीन कार्य तथा चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के 12 कार्य शामिल हैं।

दुर्ग, धमतरी, राजनांदगांव सहित विभिन्न जिलों में बनेंगी नई सड़कें

लोक निर्माण विभाग ने दुर्ग जिले में पुलगांव पुल मुख्य मार्ग से अंजोरा-रसमड़ा राज्य मार्ग में पुल-पुलिया सहित 5.28 किलोमीटर फोरलेन सड़क के निर्माण के लिए 28 करोड़ 2 लाख 70 हजार रुपए की निविदा को मंजूरी दी है।

रायपुर रेल मंडल में 'स्वच्छता ही सेवा-2026' के तहत व्यापक स्वच्छता एवं जनभागीदारी आयोजित

रायपुर (विश्व परिवार)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल में 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न स्वच्छता, सफाई, सौंदर्यीकरण एवं जनभागीदारी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस वर्ष अभियान की थीम स्वच्छता में सहभाग: स्वच्छ भारत, विकसित भारत रही।

अभियान के दौरान रायपुर रेल मंडल द्वारा Cleanliness Targeted Units (CTUs) (चिन्हित स्थलों की समयबद्ध सफाई) के निर्माण एवं उनके रूपांतरण पर विशेष ध्यान दिया गया। विशेष रूप से कम ध्यान दिए जाने वाले डंपिंग स्थलों एवं उपेक्षित क्षेत्रों की पहचान कर उनकी साफ-सफाई एवं सुधार की दिशा में कार्य किया गया। रायपुर रेल मंडल में विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयासों से कुल 1,045 CTUs तैयार किए गए।

स्वच्छता एवं साफ-सफाई के मानकों की निगरानी के लिए मंडल के अधिकारियों द्वारा लगभग 15 स्टेशनों तथा रायपुर रेल मंडल में आधारित लगभग सभी प्राथमिक ट्रेनों का निरीक्षण किया गया। इन निरीक्षणों का उद्देश्य ट्रेनों एवं स्टेशनों में स्वच्छता और सैनिटेशन मानकों की नियमित निगरानी एवं बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करना रहा। अभियान में जनभागीदारी को भी विशेष महत्व दिया गया। स्वच्छता ही सेवा पोर्टल पर अपलोड आंकड़ों के अनुसार कुल 5,273 प्रतिभागियों ने स्वैच्छिक रूप से स्वच्छता, CTUs के रूपांतरण एवं सौंदर्यीकरण गतिविधियों में सहभागिता की।

'कबाड़ से जुगाड़/कबाड़ से कला' से दिया रचनात्मक संदेश

रायपुर रेल मंडल द्वारा रेलवे के अनुपयोगी स्क्रैप एवं कबाड़ सामग्री के पुन: उपयोग तथा रचनात्मक उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'कबाड़ से जुगाड़/कबाड़ से कला' पहल भी आयोजित की गई। इसके अंतर्गत पुराने कोच एवं वैगन के विभिन्न अनुपयोगी हिस्सों सहित रेलवे स्क्रैप सामग्री को आकर्षक कलात्मक स्थापनाओं में परिवर्तित किया गया।

स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा ही संकल्प अभियान के तहत माना कैंप में विशेष स्वच्छता अभियान

माना कैंप (विश्व परिवार)। 02 अक्टूबर 2026 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा ही संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत माना कैंप में विशेष स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गणेश विसर्जन एवं झांकी के उपरांत पंडालों तथा आसपास के क्षेत्रों में फैली गंदगी एवं कचरे की सफाई हेतु नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से श्रमदान किया गया। इस दौरान पंडालों के आसपास, सार्वजनिक स्थलों एवं मार्गों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

स्वच्छता अभियान में नगर पंचायत माना कैंप के अध्यक्ष श्री संजय यादव, उपाध्यक्ष श्री के. एबु, पार्षदगण श्रीमती उर्मिला चौहान, श्रीमती काजल मंडल एवं श्रीमती राखी मंडल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सौरभ बाजपेयी, उप अभियंता श्री मयंक साहू, श्री थानेश्वर वर्मा सहित नगर पंचायत के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए श्रमदान किया। श्रमदान कार्यक्रम के पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चलचित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई।

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर बृजमोहन अग्रवाल ने अर्पित की श्रद्धांजलि

- राजधानी में आयोजित विविध कार्यक्रमों में हुए शामिल

रायपुर (विश्व परिवार)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल ने सबसे पहले लोकभवन में दोनों युगपुरुषों को नमन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने राजधानी रायपुर में आयोजित नशामुक्ति पदयात्रा समापन, खादी ग्रामोद्योग सम्मेलन, प्रतिमा माल्यार्पण एवं स्वास्थ्य-रक्तदान शिविर सहित विभिन्न जन-सरोकारी कार्यक्रमों में भाग लिया।

नशामुक्ति पदयात्रा का समापन: यात्राएं लाती हैं सामाजिक बदलाव

सेवा संकल्प अभियान के तहत विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा द्वारा आयोजित 'नशा मुक्त पदयात्रा' के समापन समारोह में सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, राज्यपाल श्री रमेन डेका के साथ सम्मिलित हुए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती (25 सितंबर) से प्रारंभ हुई यह पदयात्रा टाउन हॉल, शास्त्री चौक से खजाना चौक पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए सांसद श्री अग्रवाल ने कहा, पूज्य बापू ने आजीवन नशामुक्ति और सामाजिक सुधार के लिए संघर्ष किया। हमारे देश का इतिहास साक्षी है कि जब भी कोई बड़ा सामाजिक परिवर्तन आया है, वह यात्राओं के माध्यम से ही संभव हुआ है। यात्राएं व्यक्ति के विचारों को बदलने के साथ-साथ समाज को एक नई और सकारात्मक दिशा देने का कार्य करती हैं। इसके उपरांत उन्होंने विधायक श्री सुनील सोनी और महापौर श्रीमती मिनल चौबे के साथ आजाद चौक पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर नमन किया।

'एना होम कॉन्सेप्ट' में नए कलेक्शन के साथ आकर्षक छूट, घर सजाने का शानदार मौका

रायपुर (विश्व परिवार)। देवपुरी स्थित 'एना होम कॉन्सेप्ट' ने आगामी त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए होम डेकोरेशन के लिए आकर्षक और नए उत्पादों का कलेक्शन पेश किया है। घर, ऑफिस या व्यावसायिक प्रतिष्ठान को खूबसूरत और आकर्षक बनाने के इच्छुक ग्राहकों के लिए यहां विभिन्न प्रकार के डेकोरेशन आइटम उपलब्ध हैं। खास बात यह है कि चयनित उत्पादों पर 5 प्रतिशत से लेकर 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है।

'एना होम कॉन्सेप्ट', माना रोड, देवपुरी में उपलब्ध नए स्टॉक में आकर्षक वॉसेज, आर्टिफैक्ट्स, वॉल आर्ट, मेटल आर्ट, सीनरीज, वॉल फ्रेम्स, आर्टिफिशियल फ्लावर्स, वर्टिकल गार्डन्स, म्यूरल्स, वॉटर फाउंटेन्स, स्टैच्यूज तथा बुद्धा एवं देवी-देवताओं की सजावटी मूर्तियां शामिल हैं। त्योहारी अवसरों पर घर के इंटीरियर को नया लुक देने के लिए

इन उत्पादों को विशेष रूप से उपयोगी बताया जा रहा है।

संस्थान के नए कलेक्शन में पारंपरिक कला और आधुनिक डिजाइन का सुंदर मेल देखने को मिलता है। आकर्षक वास (फूलदान), कलात्मक वॉल फ्रेम, मेटल आर्ट और सजावटी कलाकृतियां ड्राइंग रूम, लॉबी, ऑफिस तथा अन्य स्थानों की खूबसूरती बढ़ाने में उपयोगी हो सकती हैं। वहीं आर्टिफिशियल फ्लावर्स और वर्टिकल गार्डन कम जगह में भी हरियाली और सजावट का आकर्षक एहसास देते हैं।

सत्य, अहिंसा और सादगी के आदर्श हमें राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देते रहेंगे : मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर किया नमन
- नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

रायपुर (विश्व परिवार)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और मानवता के मार्ग पर चलते हुए पूरी दुनिया को शांति और सद्भाव का संदेश दिया। उनके विचारों में समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण और आत्मनिर्भर भारत की भावना निहित थी। उनका जीवन हमें सत्य के मार्ग पर अडिग रहते हुए समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण करते हुए कहा कि उनका सादगीपूर्ण जीवन, दृढ़ नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका दिया 'जय जवान-जय किसान' का मंत्र देश की सुरक्षा और समृद्धि में हमारे जवानों तथा किसानों के अमूल्य योगदान को रेखांकित करता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन एवं आदर्श हमें जनकल्याण, सुशासन और राष्ट्रसेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

बस्तर बाढ़ से तबाह, सरकारी मदद केवल खानापूर्ति : दीपक बैज

- मुख्यमंत्री के दौरे ने निराश किया

रायपुर (विश्व परिवार)। लगभग पूरा बस्तर संभाग लगातार दूसरे वर्ष भी भीषण बाढ़ की चपेट में आया है। इस वर्ष भी बाढ़ ने आम आदमी को बर्बाद कर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि लोगों के मकान, सामान, पशुधन, फसल सब बर्बाद हो गये। अनेकों मार्ग का संपर्क टूट गया, पुल-पुलिये, सड़क सभी कुछ टूट कर बर्बाद हो गया है। जन-जीवन ढप्प हो गया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि दुर्भाग्यजनक है कि मुख्यमंत्री बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने बस्तर आये लेकिन वे केवल औपचारिकता निभाकर पुल पर खड़े होकर फोटो खिंचवाकर, रील बनवाकर चले गये। मुख्यमंत्री का दौरा बेहद ही संवेदनहीन रहा। मुख्यमंत्री ने बाढ़ से हुए नुकसान और परेशानी को गंभीरता से नहीं लिया। ऐसा लगा कि मुख्यमंत्री नहीं कोई पर्यटक आया था जो फोटो खिचवाया और चला गया। यहां से जाने के बाद उन्हें सिंगापुर जाने की जल्दी थी। वे इन्वेस्टर कनेक्ट के बहाने सिंगापुर घूमने की तैयारी करने चले गये। बस्तर का आम आदमी परेशान है, न मुख्यमंत्री को फ्रिक्र है और न ही मंत्रियों को। बाढ़ से आठ लोगों की मौत हुई, उनके लिए भी मुख्यमंत्री ने कोई विशेष सहायता की घोषणा नहीं किया। उड़ीसा के द्वारा बांध से पानी छोड़ने से बाढ़ के हालात बिगड़े, मुख्यमंत्री दिल्ली में उड़ीसा के मुख्यमंत्री के साथ बैठक किये, इस पर आपत्ति क्यों नहीं व्यक्त किये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बाढ़ से हजारों घर प्रभावित हुए। हजारों मकान गिर गये।

महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर भाजपा ने किया नमन

रायपुर (विश्व परिवार)। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में शुक्रवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' लालबहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक स्मरण कर भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश महामंत्री द्वय यशवन्त जैन व डॉ. नवीन मार्कण्डेय और प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी अम्बिकापुर के गांधी चौक पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने इस मौके पर कहा कि महात्मा गांधी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार और जीवन दर्शन हैं। उन्होंने सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और स्वदेशी के संकल्प से स्वतंत्रता संग्राम को जन-आंदोलन का स्वरूप दिया। आज देश उनके दिखाए मार्ग पर चलकर 'स्वच्छ भारत अभियान' और 'वोकल फॉर लोकल' के जरिए आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी के व्यक्तित्व का उल्लेख करते हुए श्री जैन ने कहा कि शास्त्री जी सादगी, ईमानदारी और अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति थे। उनके द्वारा दिया गया 'जय जवान, जय किसान' का मंत्र आज भी देश की सुरक्षा और समृद्धि का मूल आधार है। संकट के समय उन्होंने जिस दृढ़ नेतृत्व का परिचय दिया, वह राष्ट्र सेवा की अनुपम मिसाल है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने अम्बिकापुर के कार्यक्रम में कहा कि गांधीजी ने दुनिया को यह सिखाया कि सत्य और अहिंसा के नैतिक बल से सबसे बड़े साम्राज्य को भी झुकाया जा सकता है। गांधीजी की ग्राम स्वराज और स्थानीय स्वावलंबन की दृष्टि आज 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प में पूरी तरह परिलक्षित होती है।

स्वच्छ भारत दिवस पर रायपुर रेल मंडल में स्वच्छता शपथ एवं एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण

- मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानंद ने रायपुर स्टेशन पर यात्रियों से अमृत संवाद कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

रायपुर (विश्व परिवार)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर रेल मंडल द्वारा 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2026 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। 15 दिनों तक विभिन्न थीम पर स्वच्छता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है, इसी कड़ी में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के अवसर पर, सादर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत 02 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर रायपुर रेल मंडल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता शपथ लेकर रेलवे परिसरों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने, 100 घंटे यानी प्रति सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करने, अपने आसपास गांव काशन शहर गली मोहल्लों सरकारी संस्थानों रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता की जिम्मेदारी का संकल्प लिया।

इस अवसर पर रेलवे भूमि पर स्वच्छ एवं विकसित किए गए स्थानों पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानंद एवं अध्यक्षा सेक्रो (SECRWWO), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन रायपुर - श्रीमती शिखा सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री बजरंग अग्रवाल सहित रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की।

इसके साथ ही प्रमुख स्टेशनों एवं रेलवे कॉलोनियों में स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत संदेश के साथ स्वच्छ रथ एवं प्रभात फेरी जैसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया गया। रायपुर रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानंद एवं अध्यक्षा सेक्रो रायपुर श्रीमती शिखा सिंह ने रायपुर रेलवे स्टेशन परिसर में आरक्षण सह अनारक्षित टिकट केंद्र के पास से अस्थाई मुख्य प्रवेश द्वार से स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्रियों से स्वच्छता पर चर्चा की एवं स्वच्छता जागरूकता अपने पर जोर दिया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने स्वच्छता जागरूकता नुक्कड़ नाटक से लोगों को जागरूक किया।

रायपुर रेल मंडल में डब्ल्यू आर एस कॉलोनी रायपुर में स्वच्छ भारत फेरी स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत स्लोगन के साथ निकाली गई।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354